**मंगलवार**
23 जुलाई 2024



पृष्ठ 4
**बार-बार सर्दी जुकाम सिर्फ इम्युनिटी...**



पृष्ठ 5
**जान्हवी कपूर अजय देवगन को टक्कर...**



● देहरादून
● वर्ष 32
● अंक 168
● पृष्ठ 8
● मूल्य ₹ 1.00

# दून वैली मेल

आर.एन.आई.- 59626/94
**सांध्य दैनिक**
डीएवीपी से मान्यता प्राप्त
email: doonvalley_news@yahoo.com Website: dunvalleymail.com

**आज का विचार**

नियम के बिना और अभिमान के साथ किया गया तप व्यर्थ ही होता है।
– वेदव्यास

# बजट: गरीब, किसान, युवाओं व महिलाओं पर फोकस

विशेष संवाददाता

नई दिल्ली। केंद्रीय वित्त मंत्री सीतारमण ने अपना सातवां बजट पेश करते हुए कहा कि मुझे खुशी है कि मुझे पांच साल की अवधि में 4.1 करोड़ युवाओं के लिए रोजगार, कौशल व अन्य सुविधाओं के लिए 5 योजनाओं की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है जिसमें दो लाख करोड़ रूपये खर्च होंगें।

मोदी के नेतृत्व वाली 3.0 वाली सरकार का बजट पेश करते हुए उन्होने कहा कि उन्होंने अपने इस बजट में युवाओं, किसानों तथा महिलाओं और गरीबों के कल्याण की सोच को ही केन्द्र में रखा है। उन्होने कहा कि इस बजट को बनाते समय नौ बिन्दुओं पर ध्यान केन्द्रित किया गया है। जिसमें उत्पादकता, रोजगार, सामाजिक न्याय, शहरी विकास, ऊर्जा, सुरक्षा, बुनियादी ढांचा, नवाचार और सुधार आदि प्रमुख है।



**❑पांच साल तक जारी रहेगी मुफ्त राशन योजना**
**❑मुद्रा लोन की ऋण सीमा 10 से बढ़ाकर 20 लाख**
**❑तीन लाख सालाना कमाने तक कोई टैक्स नहीं**

उन्होने कहा कि हमने सभी फसलों के लिए उच्च न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा की है। वही गरीबों के लिए 30 लाख आवास बनाने और 5 साल तक मुफ्त राशन योजना को लागू रखने का फैसला किया है। जिसका देश के 80 करोड़ लोगों को लाभ होगा। वित्त मंत्री ने कहा कि नौकरियों व कौशल विकास शिक्षा के लिए 1.48 लाख की व्यवस्था की गई है। 5 वर्षों में देश के 500 प्रतिष्ठित उद्योगों में एक करोड़ युवाओं को इंटर्नशिप के अवसर प्रदान किए जाएंगे तथा पहली बार नौकरी पाने वाले युवाओं को सरकार द्वारा तीन किस्तों में एक माह का वेतन दिया जाएगा जिसकी अधिकतम सीमा 1लाख होगी। उन्होंने कहा कि युवाओं को दिए जाने वाला मुद्रा ऋण भी 10 लाख से बढ़ाकर 20 लाख कर दिया गया है।

उन्होंने नए टैक्स स्लैब के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि अगर किसी की आय 7 लाख रुपए सालाना से कम होती है तो उसे 3 लाख पर कोई टैक्स नहीं देना होगा तथा उसे 7 लाख आय पर 5 प्रतिशत टैक्स देना होगा वही 7 लाख से 10 लाख की आय तक 10 प्रतिशत तथा 10 से 12 लाख तक की आय पर 15 प्रतिशत और 12 से 15 लाख तक की आय पर 20 प्रतिशत व 15 लाख से अधिक सालाना आय होने पर 30 प्रतिशत टैक्स देना होगा। सीतारमण का कहना है कि पुराने टैक्स स्लैब की तुलना में वेतन भोगियों को इस बदलाव से 17.5 हजार रुपए सालाना का फायदा होगा।

# जमीनी विवाद में दो पक्षों में मारपीट, एक व्यक्ति की मौत

संवाददाता

देहरादून। जमीनी विवाद में दो पक्षों में लाठी डण्डें चलने से एक व्यक्ति की मौत हो गयी। पुलिस ने कुछ लोगों को हिरासत में ले लिया है। मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार आज प्रात: पटेलनगर कोतवाली पुलिस को सूचना मिली कि चन्द्रबनी में दो पक्षों में लाठी डण्डे चल रहे हैं और क्षेत्र में बवाल मचा हुआ है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने मौके पर पहुंच कुछ लोगों को हिरासत में लिया। इसी दौरान एक व्यक्ति की मौत हो गयी जबकि दो गम्भीर रूप से घायल हो गये जिनको स्थानीय चिकित्सालय में भर्ती कराया। वहीं लोगों का कहना है कि मृतक वीरबहादुर की मौत हार्ट अटैक से हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।



पुलिस ने आसपास के लोगों से पूछताछ की तो पता चला कि मृतक वीर बहादुर यहां पर अपने परिवार के साथ रहता है। आज प्रात: कुछ बाहरी लोग वहां पर आये और वीरबहादुर के घर के पास जमीन पर कब्जा करने लगे जिसका उसके द्वारा विरोध किया गया तो वह मारपीट पर उतारू हो गये और लाठी डण्डे लेकर वीर बहादुर के घर में घुस गये और परिजनों पर हमला कर घायल कर दिया। देर सांय तक मामले की जांच की जा रही थी।

## सेना ने एलओसी पर आतंकी घुसपैठ की कोशिश नाकाम की, 1 जवान घायल

जम्मू। सेना ने मंगलवार को बताया कि राजौरी जिले के बट्टल सेक्टर में एलओसी पर घुसपैठ की कोशिश नाकाम कर दी गई, जबकि सेना का एक जवान भी घायल हो गया। माइक्रो-ब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म एक्स पर सेना ने लिखा कि अलर्ट सैनिकों ने सुबह तीन बजे बट्टल सेक्टर में घुसपैठ कर रहे आतंकवादियों पर प्रभावी गोलीबारी करके घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर दिया। सेना ने बताया कि भारी गोलीबारी के दौरान एक बहादुर जवान घायल हो गया। घुसपैठ की कोशिश के बाद एलओसी पर हाई अलर्ट जारी किया गया है। यह घटना आतंकवादियों द्वारा सोमवार को राजौरी के गुंधा में एक विलेज डिफेंस गार्ड सदस्य के घर पर हमले के एक दिन बाद सामने आई है। हालांकि, पास की एक सतर्क सेना इकाई ने तेजी से प्रतिक्रिया दी, जिससे बड़ा नुकसान होने से बच गया। हमले का निशाना परषोत्तम कुमार थे, जिन्हें हाल ही में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शौर्य चक्र से सम्मानित किया था। उनके चाचा विजय कुमार घायल हो गए और गोलीबारी में एक गाय की मौत हो गई। इस साल पूरे जम्मू में आतंकवादी हमलों में वृद्धि देखी गई है, जिसके परिणामस्वरूप 27 मौतें हुई, जिनमें 11 सुरक्षाकर्मी, एक ग्राम रक्षा गार्ड और पांच आतंकवादी शामिल हैं। छह जिलों में करीब एक दर्जन हमले हुए हैं।

## विपक्ष ने मोदी सरकार को घेरा, बजट को बताया निराशाजनक

नई दिल्ली। केंद्रीय वित्त मंत्री ने मंगलवार को संसद में देश का बजट पेश किया। इस बजट को लेकर विपक्ष ने मोदी सरकार को घेरा और इसे निराशाजनक बजट बताया।

कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने केंद्रीय बजट पर कहा कि यह एक निराशाजनक बजट है, मुझे आम लोगों के सामने आने वाले प्रमुख मुद्दों के बारे में कुछ भी सुनने को नहीं मिला। आम लोगों की आय में सुधार के लिए उठाए गए किसी भी कदम का अपर्याप्त उल्लेख था। जब बात गंभीर आय असमानता की आती है तो सरकार की ओर से हमें बहुत कम देखने को मिलता है।

समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि अगर हम उत्तर प्रदेश को देखें तो निवेश की स्थिति क्या है? इनके जो प्रोजेक्ट चल रहे हैं वह कभी समय पर पूरे नहीं हुए। अच्छी बात है कि बिहार और आंध्र प्रदेश को विशेष योजनाओं से जोड़ा गया है, लेकिन उत्तर प्रदेश जैसा राज्य जो प्रधानमंत्री देता है क्या वहां के किसानों के लिए बजट में कुछ है? जब तक किसान और नौजवानों की पक्की नौकरी का इंतजाम नहीं होगा तब तक जनता को कोई बड़ा लाभ नहीं पहुंचेगा। मैनपुरी से सपा सांसद डिंपल यादव ने कहा कि बजट में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर होना चाहिए था, लेकिन कुछ भी नहीं है।



केंद्रीय बजट पर टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी ने कहा कि यह कुर्सी बचाओ बजट है। जो एनडीए में हैं, नीतीश कुमार और चंद्रबाबू नायडू को अपने साथ रखने के लिए यह बजट है, यह बजट देश के लिए नहीं है। बंगाल के लिए तो कुछ भी नहीं है, वे बंगाल को बर्दाश्त नहीं कर सकते हैं, उनका बंगाल से सफाया होगा।

कांग्रेस सांसद इमरान मसूद ने केंद्रीय बजट पर कहा कि नीतीश कुमार और चंद्रबाबू नायडू से डरा हुआ बजट है। इनका अपना विजन कुछ नहीं है, बोलने को तो बहुत कुछ बोला जाता है अब देखना होगा कि ये अमल में कैसे लाएंगे।

# दून वैली मेल

## संपादकीय

# हड़बड़ी में बड़ी-बड़ी गड़बड़ी

किसी ने भी इस बात की कल्पना नहीं की होगी कि 18वीं लोकसभा चुनाव के परिणाम अपेक्षित नहीं रहे तो भाजपा नेताओं का संयम इस कदर डांवाडोल हो जाएगा कि वह एक के बाद एक हड़बड़ी में इतनी बड़ी-बड़ी गड़बड़ी करते चले जाएंगे जो भाजपा के हर कदम में मुश्किल है बढ़ाते जाएंगे। सच यह है कि इसकी शुरुआत चुनाव प्रचार के दौरान ही हो गई थी जब भाजपा के नेता चुनावी मुद्दों से भटक कर इधर-उधर के मुद्दों के जरिए जनता का ध्यान भटकाने की कोशिशों में जुटे हुए थे और भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नड्डा द्वारा यह कहा गया था कि भाजपा को अब संघ के सहयोग की कोई जरूरत नहीं है। चुनावी नतीजों में भाजपा को उत्तर प्रदेश में बड़ी हार मिलने पर जब पार्टी के शीर्ष नेताओं के बीच तकरार शुरू हुई तो भाजपा नेताओं का मानसिक संतुलन और भी डांवाडोल हो गया। योगी को सीएम पद से हटाने की मुहिम के बीच बाबा का वह बुलडोजर भी आ गया जिसने उनकी राजनीति को सबसे ज्यादा चमक प्रदान की थी। अभी उनके द्वारा कावड़ यात्रा मार्गों पर दुकानदारों की पहचान के बोर्ड लगाने का जो फैसला लिया गया जिसे हड़बड़ी में गड़बड़ी वाला फैसला बताया जा रहा था उस पर अब सुप्रीम कोर्ट द्वारा लगाए गए स्टे से भी यह साफ हो गया है कि यह फैसला हड़बड़ी में गड़बड़ी वाला ही था। इसके बाद केंद्र की एनडीए सरकार द्वारा संसद के पहले ही सत्र में 50 साल पूर्व लागू की गई इमरजेंसी को लेकर जो प्रस्ताव लाया गया जिसमें 25 जून को लोकतंत्र की हत्या दिवस मनाए जाने की बात कही गई है इससे देश की समस्याओं और विकास से कुछ लेना-देना नहीं है जिसे गड़बड़ इसलिए कहा जा सकता है कि अब देश में एक दिन संविधान का और लोकतंत्र का स्थापना दिवस मनाया करेंगे और एक दिन लोकतंत्र की हत्या का दिवस मनाया करेंगे। बात यहीं समाप्त होने वाली नहीं है सत्ता में बैठे लोग लगातार कुछ ऐसे ही फैसले लेते जा रहे हैं। राज्यसभा में उत्तराखंड के सांसद नरेश बंसल द्वारा संविधान से इंडिया शब्दों को हटाए जाने का प्रस्ताव लाया गया है जिसमें इंडिया शब्द को गुलामी का प्रतीक बताया गया है। सवाल इस बात का है कि देश में इंडिया गठबंधन बनने से पूर्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद इंडिया के वोट मांगते रहे हैं। वह स्वयं प्राइम मिनिस्टर ऑफ इंडिया तो है ही इसके साथ ही उनके द्वारा खेलो इंडिया, मेक इन इंडिया जैसे स्लोगन भी स्वयं ही तो गाड़े गए थे। बीते 10 साल में भाजपा के नेताओं को इंडिया शब्द से कभी गुलामी की बू क्यों नहीं आई जो अब वह संविधान में संशोध न कर इंडिया शब्द को हटाने की बात कर रहे हैं। चुनाव प्रचार के दौरान हमने देखा था कि पीएम मोदी इंडिया गठबंधन को कैसे इंडी नाम से संबोधित करते थे। सवाल यह है कि अब इंडिया से भाजपा को इतनी कड़वाहट व नफरत क्यों है? हो सकता है सत्ता में बैठे लोग बहुत जल्द हड़बड़ी में ऐसा कुछ कर डाले क्योंकि राज्यसभा में यह मुद्दा यूं ही नहीं उठाया गया है। कल अचानक सरकार द्वारा संघ पर लगा वह 66 साल पूर्व प्रतिबंध हटा लिया गया है जो सरकारी कर्मचारियों को संघ के कार्यक्रमों में जाने की इजाजत नहीं देता था। दरअसल भाजपा के नेता इस चुनावी परिणाम से इतने असहज दिखाई दे रहे हैं कि वह कब क्या करें उन्हें खुद समझ नहीं आ रहा है। सरकार कब चली जाएगी इसका उन्हें कतई भरोसा नहीं है इसलिए हड़बड़ी में लगातार गड़बड़ियां होती जा रही है। पहले संघ को नाराज किया अब खुश करने की कोशिश हो रही है मगर हड़बड़ी में की जाने वाली इन गड़बड़ियों से हालात सुधरने की बजाय और खराब हो रहे हैं।

# जमीन के नाम पर धोखाधडी करने पर बाप बेटे के खिलाफ मुकदमा

संवाददाता

देहरादून। जमीन के नाम पर धोखाधडी करने पर बाप बेटे के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नत्थनपुर निवासी श्रीमती पिंकी रावत ने डोईवाला कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसने मोहकमपुर निवासी महिपाल सिंह भण्डारी से महिपाल सिंह भण्डारी एवं सुरेन्द्र सिंह रावत से झबरावाला, बुलावाला, डोईवाला में जमीन खरीदी थी। जिसमें लगभग डेढ बीगे जमीन सुरेन्द्र सिंह रावत गढ़वाली कालोनी नेहरू ग्राम तहसील, देहरादून द्वारा मुख्य आरोपी महिपाल भण्डारी के माध्यम से खरीदी थी।

आज जब वह खरीदे गये प्लॉट पर कब्जा करने गये और मकान बनाना चाहा तो बीच में ऐहसान अली पुत्र मौहम्मद हसन व इत्लाफ अली पुत्र नवाबुद्दीन निवासी तेलीवाला द्वारा बताया गया कि वह जमीन उनकी है। इस प्रकार महिपाल सिंह भण्डारी द्वारा फर्जी तरीके से विभिन्न लोगों को प्लॉट बेचे गये। जब उन्होंने महिपाल सिंह भण्डारी से अपने खरीदे गये प्लॉटों पर कब्जा दिलाने की बात कही तो वह अभी तक भी उन्हें को गुमराह कर रहा है और कब्जा नहीं दिला रहा है। महिपाल को बेटा अमन भी उनको आश्वासन के अलावा जमीन नहीं दे रहा है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# खनिज वाहनों की आवाजाही बनी जनता के लिए मुसीबतः मोर्चा



हमारे संवाददाता

विकासनगर। रात-दिन सैकड़ो खनिज वाहनों की आवाजाही के कारण नंबर एक पुल, नबावगढ़, विकासनगर के ग्रामीणों का दर्द जानने उनके बीच पहुंचे जन संघर्ष मोर्चा अध्यक्ष रघुनाथ सिंह नेगी एवं उनके साथियों ने वाहनों की आवाजाही से ध्वस्त हो चुकी सड़कें, जोकि तालाब में तब्दील हो चुकी हैं, का हाल देख कर बड़ा आश्चर्यजनक जाताया।

आसपास निवासरत ग्रामीणों ने बताया कि रात भर अवैध खनिज से भरे सैकड़ो ट्रैकों की आवाजाही ने सड़क को गढ्ढों में तब्दील कर दिया है, जिस कारण लोगों का घर से निकलना मुश्किल हो गया है तथा छोटे-छोटे बच्चों को स्कूल भेजना तक जी का जंजाल बन गया है। बताया कि नंबर एक पुल, जोकि लगभग 15-20 वर्ष पूर्व टूट गया था, उसको फिर से हल्के वाहनों के लिए बनाया गया था, लेकिन उस पर भी भारी भरकम खनिज से लदे वाहन दौड़ रहे हैं, जिस कारण किसी भी समय ये पुल ध्वस्त हो सकता हैं। नेगी ने जर्जर हो चुके जल विद्युत निगम के पुलों के संबंध में सचिव ऊर्जा आर मीनाक्षी सुंदरम एवं अवैध खनन के संबंध में कमिश्नर गढ़वाल विनय शंकर पांडे से दूरभाष पर वार्ता की, उन्होंने कार्रवाई का भरोसा दिलाया गया।

आबादी के बीचों-बीच वाली सड़क के स्थान पर सेलर वाली सड़क से खनिज वाहनों के परिवहन हेतु मोर्चा ने करवाई के संबंध में जल्द सरकार से वार्ता की बात कही। नेगी ने कहा कि बहुत जल्द ग्रामीणों को इस समस्या से निजात दिलाएंगे। अगर जरूरत पड़ी तो इस खनन के काले कारोबार पर भी हमेशा के लिए रोक लगवाएंगे। इस मौके पर विजय राम शर्मा, सरदार सिंह चौहान, कुंवर सिंह चौहान, महिपाल सिंह रावत , मोहम्मद असद, प्रवीण शर्मा पिन्नी, देवी दयाल शर्मा, संजय यादव, मुन्ना राम जोशी, फतेह सिंह राणा, पवन, डी आर जोशी, अशोक थापा, अतर सिंह तोमर, जितेंद्र पुंडीर, कालू भाई, इरशाद, जयपाल, विजेंद्र सिंह आदि कई लोग मौजूद रहे।

# कांवड़ यात्रा के दौरान आगजनी की घटनाओं को लेकर भी गंभीर है पुलिस

हमरे संवाददाता

हरिद्वार। श्रावण मास में कांवड़ यात्रा शुरु होने के साथ ही विभिन्न मोर्चों पर काम कर रही पुलिस आग लगने संबंधी घटनाओं को लेकर भी बेहद सजग है। बीते दिनों कांवड़ मार्ग पर आग लगने की 4 घटनाएं प्रकाश में आयी जिसमें पुलिस की विभिन्न फायर यूनिट के जवानों ने अपनी कार्यकुशलता का परिचय देते हुए बड़ी घटना होने से पहले ही आग पर काबू पाया। त्वरित कार्यवाही पर स्थानीय जन व कांवड़ यात्रियों ने भी पुलिस की खुले दिल से प्रशंसा की।

बतां दे कि बहादराबाद बायपास चौक के नजदीक स्थित होटल हयात के पास एक कार में शॉर्ट सर्किट होने की वजह से आग लग गई। सूचना मिलते ही लीडिंग फायर मैन निर्मल सिंह के नेतृत्व में फायर स्टेशन यूनिट सिडकुल की टीम ने घटना स्थल पर पहुंचकर विकराल रुप लेती आग को समय रहते बुझा दिया जिससे किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई। वहीं दिल्ली हाईवे पर कोतवाली मंगलौर के निकट खाना बनाते समय पेट्रोमैक्स के आग पकड़ने से राजस्थान निवासी कांवड़िया रवि कुमार झुलस गया। मौके पर पहुंचे फायर यूनिट मंगलौर के कर्मचारी अब्दुल रहमान, लहरी सिंह, चंद्र प्रकाश ने आग में झुलसे कांवड़िए को तुरंत नजदीकी अस्पताल ले जाकर प्राथमिक उपचार दिलाया गया व तदोपरांत परिजनों के सुपुर्द किया गया। वहीं कांवड़ पटरी मोहम्मदपुर झाल पर स्थित फौजी ढाबा में सिलेंडर में लीकेज होने से आग लग गई। अब्दुल कलाम चौक मंगलौर पर तैनात रनिंग बैकपैक सेट फायरमैन रविंद्र फायरमैन शंकर ने तुरंत मौके पर पहुंचकर बाबा स्वामी श्री सचिन के सहयोग से बिना किसी जनहानि के आग को पूर्ण रूप से बुझाया गया। वहीं आज सुबह लगभग 4 बजे निकट थाना मंगलौर पर एक लोडेड ट्रक जो कि दिल्ली से हरिद्वार जा रहा था, के इंजन से धुआं निकलता देख चालक ने ट्रक रोक लिया एवं मदद मांगने लगा। उक्त स्थान पर तैनात चालक रणजीत लाल एवं फायरमैन कुन्दन गिरी बैंक पैक सेंट कर्मियों द्वारा तुरंत ही उक्त आग को रेत बालू डालकर तत्काल ही काबू कर लिया गया। उक्त ट्रक की क्लच प्लेट जल गयी है अन्य कोई जनहानि नहीं हुई है।

# पिनाकी इवेंट्स द्वारा पहली बार दून में होगा ट्रांसजेंडर फैशन शो



संवाददाता

देहरादून। पिनाकी इवेंट्स द्वारा पहली बार दून में ट्रांसजेंडर फैशन शो का आयोजन किया जा रहा है।

आज यहां परेड ग्राउंड स्थित एक क्लब में पत्रकारों से वार्ता करते हुए पिनाकी इवेंट्स के आयोजक अंबिका शर्मा व श्वेता सूरी ने बताया कि पिनाकी इवेंट्स जो कि अपना पहला इवेंट 28 जुलाई 2024 को राजपुर रोड स्थित सनराइज होटल में करने जा रहा है, पहली बार देहरादून के इतिहास में ऐसा कुछ करने जा रहा है जो किसी ने सोचा भी नहीं होगा। उन्होंने बताया कि महिलाओं के लिए यह त्यौहार के सीजन में न सिर्फ एक ऐसा मंच है जो महिलाओं को न सिर्फ व्यापार करने का बल्कि पहली बार ट्रांसजेंडर फैशन शो का आयोजन करने जा रहा है। इस तीज लाइफस्टाइल एग्जिबिशन में महिलाओं के पास एक प्लेटफार्म होगा कि वे आपस में व्यापार कर सके वही पहली बार ट्रांसजेंडर फैशन शो में इन्हीं महिलाओं द्वारा निर्मित कपड़ों को पहनकर ट्रांसजेंडर्स रैंप पर वॉक करेंगे। इवेंट आयोजक प्रिया गुलाटी ने बताया कि सुबह के सत्र में बच्चों का फैशन शो आयोजित किया गया है वहीं दोपहर के सत्र में तीज सेलिब्रेशन किया जाएगा। तीज प्रतियोगिता में न सिर्फ फर्स्ट सेकंड थर्ड चुना जाएगा बल्कि अन्य कई पांच महिलाओं को भी उपहार दिए जाएंगे। प्रिया गुलाटी ने बताया कि इस मौके पर श्री कृष्ण रासलीला का आयोजन भी किया गया है जो की अर्चना सिंगल डांस ग्रुप की ओर से किया जा रहा है उसके उपरांत शाम के सत्र में छह बजे से ट्रांसजेंडर फैशन शो आयोजित किया जा रहा है जिसमें लगभग 20 लोगों की टीम प्रतिभा करेगी जो पहली बार यह संदेश देंगे कि उनका काम सिर्फ ताली बजाना नहीं रह गया है अब वह आमजन से जुड़कर कुछ अलग करने और अपनी पहचान बनाने के लिए उत्सुक हैं। इस ट्रांसजेंडर शो में एग्जीबिशन में प्रतिभा करने वाले एक्जीबिटर्स की ही पोषाक को पहनकर यह ट्रांसजेंडर रैंप वॉक करेंगे।

अंबिका एवं श्वेता ने कहा कि उनका मकसद समाज के हर वर्ग को एक मंच पर लाकर ऐसे अवसर प्रदान करना है जिससे वह न सिर्फ अपनी रोजी-रोटी कमा सके बल्कि अपनी एक नई पहचान भी बना सके। पत्रकार वार्ता में वीथिका गर्ग, शैलेश लखेड़ा, वैभव शर्मा, अदिति शर्मा आदि मौजूद थे।



# ब्राह्मण महासभा द्वारा 5100 पौधों को वितरित एवं रोपण किया

संवाददाता

देहरादून। अखिल ब्राहमण महासभा ने सावन के प्रथम सोमवार को 5100 पौधो को वितरित व रोपण किया।

आज यहां मनमोहन शर्मा अध्यक्ष अखिल भारतवर्ष के ब्राह्मण महासभा उत्तराखंड ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि सावन माह के प्रथम दिवस पर बम भोले के जय कारे लगाते हुए महान 108 कृष्णागिरी के आशीर्वाद को लेकर पौधा वितरण की विधि विधान द्वारा पूजा की और महासभा के अध्यक्ष मनमोहन शर्मा और संरक्षक शशिक कुमार शर्मा द्वारा महंत जी का अंग वस्त्र पुष्प की माला और फलों को भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके उपरांत महिला शक्ति की मुख्य रामसिंह, हेमा मेडल और उषा सचदेवा के द्वारा भगवान के भजन गाये जिसमें गणेश वंदना से शुभारंभ किया गया। सभी भक्तजन भजनों पर नाचे भी और भगवान को रिझाने का काम किया। सभी भक्तजन भगवान के भजनों पर झूम उठे मुख्य रूप से भजनों की श्रृंखला श्री राम जय राम जय जय राम, बम भोले बम, मेरा आपकी कृपा से सब काम हो रहा है, राम नाम की माल लूट सके तो लूट पर सभी ने अपनी हाजिरी लगाई और आरती कर सभी ने अंत में प्रसाद ग्रहण किया। इसके उपरांत हजारों लोगों ने पौधों को ले जाकर पेड़ों को लगाने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर महासभा के अध्यक्ष मनमोहन शर्मा, संरक्षक लालचंद शर्मा, शशि कुमार शर्मा, जी पूज्य पंडित सुरेंद्र कुमार शर्मा अवनीशकांत शर्मा, महेश कोठारी, मनोज शर्मा, ऋषि कृपा आश्रम के अध्यक्ष राम सिंह, हेमा मेडल, सिम्मी, उषा सचदेवा, मंजू मनी ने प्रमुख रूप से अपनी जिम्मेदारी को निभाया और कार्यक्रम का समापन हुआ।

# दूसरे के नाम पर शराब का ठेका लेकर किया 44 लाख रूपये का गबन

संवाददाता

देहरादून। दूसरे के नाम पर शराब का ठेका लेकर 44 लाख रूपये का गबन करने के मामले में पुलिस ने न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार नया गांव पेलियो निवासी मुकेश कुमार ने न्यायालय में प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि 24 फरवरी 2020 के कम में जिलाधिकारी लाईसें प्राधिकारी द्वारा विदेशी मदिरा दुकान चकराता का वितीय वर्ष 01 मार्च 2020 से 31 मार्च 2021 तक की अवधि के लिए संचालित किये जाने हेतु दुकान का आवंटन उसके नाम दिखाया गया है। उसके द्वारा कभी भी उक्त टेण्डर प्रक्रिया में भाग नहीं लिया गया। उसके द्वारा जो दस्तावेज बीमारी के लिए आर्थिक मदद के लिये दिये गये उक्त दस्तावेजों को टेण्डर प्रक्रिया में लगाया गया। उसके द्वारा कभी भी जो धनराशि चालानो के माध्यम से उक्त विदेशी मदिरा दुकान चकराता में जमा की गयी, उसके खाते से कोई चालान नही दिया गया। जो डीडी बनाये गये है वह डिस्ट्रिक्ट कोपरेटिव बैंक लि. देहरादून शाखा मियांवाला से बनाये गये है उक्त खाता भी उसका नहीं है। उसके द्वारा आर्थिक सहायता के लिये दस्तावेजो को दलबीर सिंह पुत्र दयाल सिंह निवासी बाईपास रोड, झीवरहडी कारबारी ग्रांट देहरादून को व्हाटसप से भेजे गये। की गयी। उसका पैन कार्ड भी गलत दस्तावेजो के आधार पर इनके द्वारा बनाया गया है।

उक्त प्रकरण में दलबीर सिंह पुत्र दयाल सिंह अंतवाल प्राथमिक विद्यालय घनसाली टिहरी गढ़वाल में वर्तमान में सेवारत है व उसका निकट पडोसी है।10. उसको यह भी ज्ञात हुआ है कि दलबीर सिंह ने उसके समस्त कागजात प्रदीप सिंह मेंगवाल पुत्र केदार सिंह मेंगवाल, निवासी - ओप निर्वाचन आयोग लाडपुर तपोवन, देहरादून को दिये थे ओर इन दोनो व्यक्तियों द्वारा अपराधिक षडयंत्र के अंतर्गत मिलीभगत करके उसके नाम के कागजातो को गैरकानूनी तरीके से इस्तेमाल करके और सरकारी टैन्डर प्रक्रिया में समस्त कागजात पर उसके फर्जी हस्ताक्षर करके विदेशी मदिरा दुकान चकराता का लाईसेंस प्राप्त किया था और इनके द्वारा ही उपरोक्तमदिरा की दुकान का संचालन किया गया है तथा इनके द्वारा 44 लाख रूपये के सरकारी धन का गबन किया गया है। न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# श्री केदारनाथ प्रतिष्ठा रक्षा यात्रा 24 को हरिद्वार से होगी प्रारंभः जोशी

संवाददाता

देहरादून। कांग्रेस उपाध्यक्ष मथुरादत्त जोशी ने बताया कि श्री केदारनाथ प्रतिष्ठा रक्षा यात्रा 24 जुलाई को हरिद्वार से प्रारम्भ होगी।

आज यहां प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष संगठन एवं प्रशासन मथुरादत्त जोशी ने बताया कि उत्तराखण्ड प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा आगामी 24 जुलाई 2024 से 4 अगस्त 2024 तक प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा के नेतृत्व में ''श्री केदारनाथ प्रतिष्ठा रक्षा यात्रा'' का आयोजन किया गया है। श्री केदारनाथ प्रतिष्ठा रक्षा पद यात्रा 24 जुलाई, 2024 को हरकी पैडी हरिद्वार में गंगा पूजन के उपरान्त सेवादल द्वारा ध्वजारोहण के साथ प्रारम्भ होकर ऋषिकेश, शिवपुरी, देवप्रयाग, मलेथा, श्रीनगर, श्रीकोट, धारीवी, रूद्रप्रयाग, चन्द्रापुरी, गुप्तकाशी, सीतापुर होते हुए 3 अगस्त, को श्री केदारनाथ पहुंचेगी। दिनांक 4 अगस्त, 2024 को श्री केदारनाथ ज्यातिर्लिंग में पूजा अर्चना एवं तीर्थ पुरोहितों के साथ बैठक के उपरान्त यात्रा का समापन होगा। उन्होंने बताया कि प्रत्येक दिन यात्रा स्थल पर प्रातः सेवादल कार्यकर्ताओं द्वारा ध्वजारोहण के उपरान्त यात्रा प्रारम्भ होगी। इसी परिप्रेक्ष्य में ''श्री केदारनाथ प्रतिष्ठा रक्षा यात्रा'' की तैयारी को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा की अध्यक्षता में वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं की एक बैठक का आयोजन किया गया। इसी परिपेक्ष में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा की अध्यक्षता में यात्रा कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार करने हेतु तैयारी बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में श्री केदारनाथ प्रतिष्ठा रक्षा यात्रा की तैयारियों की समीक्षा की गई।

बैठक की तैयारियों को लेकर प्रदेश अध्यक्ष करन माहरा ने बैठक में उपस्थित पदाधिकारियों से बातचीत की तथा जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्षगणों को दूरभाष पर दिशा निर्देश जारी किये। मथुरादत्त जोशी ने यह भी बताया कि ''श्री केदारनाथ प्रतिष्ठा रक्षा यात्रा'' में पार्टी के सभी वरिष्ठ नेताग, पूर्व सांसद, लोकसभा प्रत्याशी, विधायक, पूर्व विधायक, विध ानसभा प्रत्याशी, एआईसीसी सदस्य, पीसीसी सदस्य, जिला एवं महानगर अध्यक्ष, अनुषांगिक संगठन, विभाग, प्रकोष्ठ के अध्यक्ष एवं पदाधिकारीगण, ब्लाक व नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष एवं पदाधिकारीं सहित हजारों की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता प्रतिभाग करेंगे। बैठक में प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष संगठन एवं प्रशासन मथुरादत्त जोशी, प्रदेश महामंत्री नवीन जोशी, याकूब सिद्दीकी, महेन्द्र सिंह नेगी, सोशल मीडिया सलाहकार अमरजीत सिंह, प्रदेश सचिव संगठन गिरीश पपनै, नवनीत सती, सोशल मीडिया कार्यकारी अध्यक्ष विशाल मौर्य सहित अनेक कांग्रेस नेता उपस्थित थे।

# समिति ने की अग्निवीरों के कार्यकाल बढ़ाने की मांग

संवाददाता

देहरादून। नेताजी संघर्ष समिति ने अग्नि वीर योजना के तहत फौज में नौकरी कर रहे सैनिकों के कार्यकाल बढ़ाये जाने की मांग की। यहां नेताजी संघर्ष समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रभात डंडरियाल और प्रमुख महासचिव आरिफ वारसी ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए देश की केंद्र सरकार से मांग की है कि वह अग्नि वीर योजना के तहत फौज में नौकरी कर रहे सैनिकों के कार्यकाल को बढ़ाया जाए। उन्होंने कहा कि वर्तमान में उनका कार्यकाल 4 वर्ष का है जो की काफी कम है 4 वर्ष तो पता भी नहीं चलता कि कब नौकरी लगी और कब नौकरी से वापस आए। उन्होंने केंद्र की मोदी सरकार से उम्मीद ही नहीं विश्वास भी जताया कि वह अग्नि वीर जो सेवाएं फौज में दे रहे हैं उनके कार्यकाल को 8 वर्ष तक कर दें ताकि उनके परिवार को लग सके कि उनका बेटा नौकरी कर के लोटा है। डंडरियाल ने इस कार्य में बिहार के मुख्य मंत्री से भी आग्रह किया है कि वह अग्नि वीर की भावनाओं की कदर करते हुए उनके कार्यकाल को बढ़ाने के लिए केंद्र सरकार से बात करें।

# बरसात के चलते पुलिस ने नदियों के किनारे बसे लोगों को किया सर्तक



संवाददाता

देहरादून। भारी बरसात के चलते पुलिस ने नदी नालों के किनारे बसे लोगों को लाउड हैलरों के माध्यम से सर्तक किया।

आज यहां देर रात्री से लगातार हो रही भारी बरसात के दृष्टिगत पुलिस द्वारा नदियों के किनारे रहने वाले लोगो को लाउड हैलरो के माध्यम से किया जा रहा सर्तक। वर्तमान में जारी बरसाती सीजन के दृष्टिगत एसएसपी देहरादून द्वारा सभी थाना प्रभारियों को किसी भी आकस्मिक स्थिति से निपटने के लिए पुलिस टीमो को आपदा राहत उपकरणों के साथ तैयारी की हालत में रखने तथा थाना क्षेत्रान्तर्गत नदियों के किनारे रहने वाले लोगो को बरसात के दौरान सतर्क रहने हेतु अवगत कराने के निर्देश दिये गए है।

देर रात्रि से जनपद में लगातार हो रही तेज बरसात के कारण पुलिस द्वारा लगातार नदी/नालो के किनारे भ्रमणशील रहते हुए नदी/नालों के किनारे बसे लोगों को लाउड हैलरो के माध्यम से सतर्क रहने तथा नदी/नालो के पास न जाने के सम्बंध में अलर्ट किया जा रहा है।

# भारत की धर्मनिरपेक्ष छवि को बदलना चाहती है भाजपाः लालचंद

हमारे संवाददाता

देहरादून। केन्द्र की मोदी सरकार द्वारा जारी शासनादेश जिसमें सरकारी अधिकारी एवं कर्मचारियों को आरएसएस की शाखाओं में शामिल होने की छूट दिये जाने का कांग्रेस ने कडा विरोध किया है।

आज यहां एक बयान जारी करते हुए कांग्रेस के पूर्व महानगर अध्यक्ष लालचन्द शर्मा ने कहा कि 58 वर्ष पूर्व आरएसएस की गतिविधियों को संदिग्ध मानते हुए सरकारी सेवकों को शाखाओं में शामिल होने पर तत्कालीन सरकार द्वारा यह कहते हुए प्रतिबंध लगाया गया था कि भारत धर्मनिरपेक्ष देश है तथा आरएसएस धर्म विशेष की प्रचारक संस्था है। आज भाजपा सरकार द्वारा जहां सरकारी सेवा में रहते हुए आरएसएस की शाखाओं में शामिल होने की छूट दे दी गई है जो कि भारत की धर्मनिरपेक्ष छबि के लिए घातक सिद्ध हो सकता है। उन्होंने कहा कि यदि आरएसएस की शाखाओं में शामिल होने की छूट दी जा सकती है तो फिर शिक्षण संस्थाओं में कार्यरत शिक्षकों एवं अन्य सरकारी सेवा के कर्मियों को सभी राजनैतिक दलों की सदस्यता ग्रहण करने की भी छूट दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि शाखाओं में शामिल होने की छूट के पीछे भाजपा का छुपा ऐजेंडा है तथा इसके उपरान्त सरकारी सेवकों पर केन्द्र व राज्य सरकारों की ओर से जबरन प्रतिभाग करने का दबाव डाला जायेगा।

लालचन्द शर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी अपने गुप्त ऐजेंडे के तहत देश की धर्मनिरपेक्ष छबि को छिन्न-भिन्न करना चाहती है तथा देश के संविधान को अपनी सुविधानुसार बदलना चाहती है जिसका प्रचार भाजपा लोकसभा चुनाव में भी कर चुकी है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी मोदी सरकार के इस कदम का कड़ा विरोध करती है।

# आम लोगों को तगड़ा झटका

खुदरा महंगाई के बाद अब थोक महंगाई ने भी आम लोगों को तगड़ा झटका दिया है। जून महीने में खुदरा महंगाई दर बढ़कर 5.08 फीसद पर पहुंच गई थी जो चार महीने का उच्चतम स्तर है।

अब थोक महंगाई ने भी लगातार चौथे महीने बढ़त दिखाई है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि थोक महंगाई बढ़ने की मुख्य वजह खाद्य पदार्थ, कच्चे तेल तथा प्राकृतिक गैस, खनिज तेल तथा अन्य विर्निमित वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि रही। गौरतलब है कि थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित महंगाई मई में 2.61 फीसद के स्तर पर थी। जून, 2023 में यह शून्य से 4.18 फीसद नीचे रही थी। फरवरी, 2023 में यह 3.85 फीसद थी।

खाद्य वस्तुओं की महंगाई दर जून में 10.86 फीसद बढ़ी जबकि मई माह में यह 9.82 फीसद थी। सब्जियों की महंगाई दर जून में 38.76 फीसद रही जो मई माह में 32.42 फीसद थी। प्याज की महंगाई दर 66.37 फीसद रही जबकि आलू की महंगाई दर 66.37 फीसद रही। दालों में भी 21.64 फीसद की बढ़त दर्ज की गई। फलों, अनाज, दूध आदि अन्य खाद्य पदार्थों के दामों में भी बढ़त का रुझान रहा। दरअसल, जून माह में थोक दामों में बढ़ोतरी व्यापक रही।

ईंधन और बिजली को छोड़कर सभी प्रमुख क्षेत्रों में दाम बढ़े। बेशक, जुलाई माह में कुछ राहत मिलने के अनुमान है। अनुकूल तुलनात्मक आधार के साथ-साथ वैश्विक जिंस कीमतों में कुछ नरमी के कारण जुलाई माह में थोक महंगाई में दो फीसद तक नरमी आने की उम्मीद अर्थशास्त्री जतला रहे हैं। अलबत्ता, नरमी की संभावना को कच्चे तेल के दामों में अस्थिरता से झटका लग सकता है। जुलाई माह में कच्चे तेल के दामों में अस्थिरता के चलते मांग-आपूर्ति के मद्देनजर मासिक आधार पर कच्चे तेल में वृद्धि का रुझान देखने को मिला तो थोक महंगाई पर दबाव बढ़ सकता है। बेशक, थोक महंगाई में बढ़त का रुझान केंद्रीय बैंक को उतना चिंता में नहीं डालता जितना खुदरा महंगाई का रुझान। भारतीय रिजर्व बैंक मौद्रिक नीति तैयार करते समय मुख्य रूप से खुदरा मुद्रास्फीति को ध्यान में रखता है। लेकिन यह भी सच है कि थोक दामों का असर भी खुदरा महंगाई पर कुछ समय बाद दिखलाई पड़ने लगता है। फिर, धारणा से भी निश्चित ही आर्थिक गतिविधियां प्रभावित होती हैं, जिससे इनकार नहीं किया जा सकता। बहरहाल, कर संग्रह आदि आर्थिक संकेतक मजबूत हैं, जिससे दामों के सीजनल दबावों से पार पाने में मदद मिलेगी।(आरएनएस)

# छोटे किसानों के हितों की रक्षा

न्यूनतम समर्थन मूल्य यानी एमएसपी की कानूनी गारंटी और कृषि ऋृण माफी सहित अन्य मांगों को लेकर किसान आंदोलन फिर शुरू किया जाएगा।

संयुक्त किसान मोर्चा में शामिल अलग-अलग किसान संगठनों का कहना है कि वे प्रधानमंत्री, विपक्ष के नेता, लोक सभा और राज्य सभा के सदस्यों को ज्ञापन सौंपेंगे। इस बार दिल्ली कूच करने की बजाय देशव्यापी विरोध की तैयारी कर रहे हैं। महाराष्ट्र, झारखंड, जम्मू-कश्मीर और हरियाणा को वे प्रमुखता देंगे।

इन राज्यों में जल्द ही विधानसभा चुनाव होने हैं। फसल बीमा, किसानों को पेंशन बिजली के निजीकरण को बंद करने के साथ सिंधु और टिकरी सीमा पर शहीद किसानों का स्मारक बनाने की मांग भी कर रहे हैं। समर्थन मूल्य को लेकर यह आंदोलन 2020 में शुरू हुआ था।

यूं तो इसे बड़े किसानों का आंदोलन कहा जा रहा है लेकिन किसानों का एक वर्ग मोदी सरकार की कृषि नीतियों से संतुष्ट नहीं है। सरकार की तरफ से मिले आसन और आम चुनाव के दौरान आंदोलन कुछ वक्त के लिए ठहर सा गया था। देश में छोटे किसानों की तादाद बहुत है। दूसरे वे लोग हैं, जो कृषि कायरे के जरिए जीवन यापन करते हैं। उन सबको इन आंदोलनों या मांगों से ज्यादा फर्क नहीं पड़ता। हालांकि अभिव्यक्ति की आजादी का अधिकार हर देशवासी को है। वह सरकार के समक्ष अपनी कोई भी मांग रखने को आजाद है। मगर पिछले आंदोलन के दरम्यान प्रदर्शनकारियों के कारण कई स्थानों पर जन-जीवन अस्त-व्यस्त हो गया था। आगजनी और पथराव हुआ था। सुरक्षाबलों पर हथियार भी प्रयोग हुए। इसी दरम्यान पंजाब-हरियाणा हाई कोर्ट ने हरियाणा के शंभू बार्डर पर धरनारत किसानों को हटाने के आदेश दिए हैं। राज्य सरकार को भी बैरिकेड हटाने और चड़ीगढ़-दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग खोलने का आदेश दिया है।

पांच महीनों से अवरुद्ध इस मार्ग के खोलने से कारोबारियों और नियमित यात्रियों को होने वाली असुविधा से निजात मिल सकेगी। हम कृषि प्रधान देश हैं इसलिए उनकी जरूरतों और मांगों की अनदेखी नहीं की जा सकती। मगर उन्हें भी उग्र विरोध से बचना चाहिए। अड़ियल रुख दिखाने की बजाय सरकार को भी छोटे किसानों के हितों की रक्षा में कोई कोताही नहीं बरतनी चाहिए। (आरएनएस)

**वैधानिक सूचना**

सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गए तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति वह खुद भी आश्वस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में किसी भी प्रकाशित विज्ञापन व लेख में निहित दावों या शर्तों को लेकर पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो *साध्य दैनिक दून वैली मेल* के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

–प्रबंधक विज्ञापन

# बार-बार सर्दी जुकाम सिर्फ इम्युनिटी कमजोर होने के लक्षण नहीं बल्कि इन बीमारियों के हो सकते हैं संकेत



सर्दी-जुकाम एक आम बीमारी है जो पूरे साल बदलते मौसम जैसे बरसात। ठंड, या गर्मी के मौसम में हमें परेशान करती है। लेकिन क्या आप जानते हैं बार-बार सर्दी जुकाम होने सिर्फ कमजोर इम्युनिटी के लक्षण नहीं बल्कि गंभीर बीमारियों के संकेत हो सकते हैं। अगर आपको भी लगातार सर्दी-जुकाम की परेशानी रहती है।

सर्दी-जुकाम के साथ थकान इस बीमारी के हैं लक्षण

सर्दी-जुकाम के साथ आपको थकान होती है, बुखार रहता है साथ ही सांस लेने में तकलीफ होती है। तो यह किसी गंभीर बीमारी के शुरुआती संकेत हो सकते हैं। इस आर्टिकल में हम विस्तार से जानेंगे कि बार-बार सर्दी जुकाम के पीछे कौन सी गंभीर बीमारियां हो सकती है। साथ ही इनके लक्षण और बचाव के बारे में चर्चा करेंगे।

एलर्जीः बार-बार नाक बहना, छींक आना, आंखों से पानी निकलना और खांसी जैसे लक्षण इन बीमारियों के संकेत हो सकते हैं। एलर्जी धूल, पराग, पालतू जानवरों के बाल, या कुछ फूड्स के कारण भी एलर्जी हो सकती है।

अस्थमाः अस्थमा सांस से संबंधित बीमारी है जो सांस लेने वाली नली में सूजन और सिकुड़न का कारण बनती है। इसके शुरुआती लक्षण होते हैं सांस लेने में दिक्कत, खांसी, सीने में जकड़न और घरघराहट शामिल है। बार-बार सर्दी-जुकाम अस्थमा को भी ट्रिगर कर सकती है।



इम्युनिटी कमजोरः अगर आपकी इम्युनिटी कमजोर है तो बार-बार कोल्ड कफ की परेशानी होने लगती है। इसमें सर्दी-जुकाम भी शामिल है। कमजोर इम्युनिटी स्ट्रेस, खराब पोषण और दवाओं के कारण होती है।

क्रोनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिसऑर्डरः क्रोनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिसऑर्डर फेफड़ों से संबंधित बीमारी है। जो धीरे-धीरे रेस्पिरेटरी ट्रैक्ट में इंफेक्शन हो सकती है। इसके लक्षणों में शामिल है सांस में तकलीफ, खांसी, बलगम का बढ़ना और बार-बार सीने में इंफेक्शन शामिल है।

टीबीः टीबी एक गंभीर बैक्टीरियल इंफेक्शन वाली बीमारी है, इसके शुरुआती लक्षण ऐसे होते हैं कि हफ्ते भर में खांसी, बलगम में खून आना, बुखार, रात में पसीना आना और थकान शामिल है।

सर्दी-खांसी के उपायः इसके लिए सबसे पहले पौष्टिक तत्व से भरपूर डाइट लें, रेगुलर एक्सरसाइज करें। नींद पूरी लें और स्ट्रेस कम लें।

बचाव करने का तरीका

एलर्जी से बचेंः अपने हाथ-पैर को धोएं और साफ-सफाई का खास ध्यान रखें। ताकि वायरस या बैक्टीरिया फैले नहीं।

हेल्दी लाइफस्टाइल अपनाएंः धूम्रपान और अल्कोहल न लें। पूरी नींद लें। एक्सरसाइज जरूर करें। क्योंकि आप जितना एक्टिव रहेंगे आपको बीमारी का खतरा कम रहेगा।

डॉक्टर से सलाह लेंः अगर आपको बार-बार सर्दी जुकाम हो रहा है तो आपको तुरंत डॉक्टर से सलाह लेनी चाहिए।

## शब्द सामर्थ्य -150

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. संबंध, लगाव, नाता, काम 2. सिसकने की आवाज, सीत्कार 4. आग की ज्वाला, दहक 5. दियासलाई 7. प्रतिकार, प्रतिशोध 8. बाबुल की दुआएं लेती जा... गीतवाली बलराज साहनी, मनोजकुमार, राजकुमार, वहीदा की फिल्म 11. करतल ध्वनि 13. आपसी व्यवहार का संबंध, वास्ता 15. वचन, जीभ 16. रोगियों को स्वस्थ और मृतकों को जीवित कर देने वाला 17. एक सुंदर फूलदार वृक्ष 19. पत्नी, बीवी 20. मसालेदार सुगंधित सुरती।

**ऊपर से नीचे**

1. उचित, उपयुक्त, जायज 2. किवाड़ को अंदर से बंद करने लगा छड़, चटखनी 3. मांस के अत्यंत छोटे टुकड़े 4. माथा, मस्तक 6. कटोरी के आकार का नलीदार पात्र जिसमें तंबाकू रखकर पीते हैं 9. रेखा 10. खून से लथपथ 11. छिपकर बुरी नजर से ताकने की क्रिया, रह रहकर ताकने की क्रिया 12. व्यापार, धंधा 13. श्रृंगार करना, साजन 14. श्रवणइंद्रीय 16. सीमा, हद 18. चमड़ा, चाम 19. बोझ, दबाव।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | ■ | 2 | | 3 | ■ | ■ |
| | ■ | 4 | | | ■ | 5 | 6 | |
| 7 | | | ■ | | ■ | ■ | | ■ |
| ■ | ■ | | ■ | 8 | 9 | | | 10 |
| 11 | | ■ | 12 | ■ | | ■ | ■ | |
| | ■ | 13 | | 14 | | ■ | ■ | |
| | ■ | 15 | | | ■ | 16 | | |
| 17 | 18 | | | ■ | 19 | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | 20 | | | ■ | ■ |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 149 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मै | दा | न | ■ | स | र | ग | म | ■ |
| त्री | ■ | सी | ■ | ■ | क्षा | ■ | धु | र्रा |
| ■ | सा | ह | स | ■ | ■ | ■ | र | ■ |
| स्वा | ग | त | ■ | स | म | झौ | ता | ■ |
| व | र | ■ | ■ | र | ■ | ■ | ■ | म |
| लं | ■ | वि | ला | स | ■ | ■ | दा | म |
| बी | न | ■ | ज | ■ | सा | मा | न | ता |
| ■ | ज | ■ | वा | हि | या | त | ■ | ■ |
| त | र | की | ब | ■ | ना | ■ | खा | ली |



# मास महाराजा रवि तेजा की फिल्म मिस्टर बच्चन का पहला सिंगल सितार हुआ रिलीज़

निर्देशक हरीश शंकर को संगीत का अच्छा अनुभव है और उनकी अधिकांश फ़िल्में सिनेमाघरों में रिलीज़ होने से पहले ही म्यूजिक़ल हिट हो जाती थीं। इसी तरह, मास महाराजा रवि तेजा अभिनीत उनकी नई फ़िल्म मिस्टर बच्चन में भी अलग-अलग शैलियों का एक एल्बम होगा। प्रोमो के साथ टीज़ करने के बाद, निर्माता पहले सिंगल- सितार के लिरिकल के साथ आए हैं।

सुब्रमण्यम फ़ॉर सेल और गड्डालकोंडा गणेश के बाद, मिकी जे मेयर ने फिर से हरीश शंकर के साथ मिलकर काम किया है। सितार की आवाज़ से शुरू होने वाला यह गाना जादुई बीट्स के साथ एक बेहतरीन क्लासिकल नंबर है। दो चार्टबस्टर्स केवु केका और असमिका योग के बाद, हरीश और गीतकार साहिथी की जोड़ी इस गाने के लिए फिर से साथ आई है जिसके बोल मंत्रमुग्ध कर देने वाले हैं।

अर्थ की तरह ही, ट्रैक को दिए गए शब्द भी रत्न हैं, जो साकेत कोमांदुरी और समीरा भारद्वाज की आवाज़ों में शानदार ढंग से चमकते हैं। साथ ही, चारुलता मणि का क्लासिक राग वास्तव में क्लासिकल है। हरीश शंकर ने अपना टच दिया, क्योंकि बैक पॉकेट और हिप मूव्स बहुत आकर्षक थे।

रवि तेजा स्टाइलिश पोशाक में युवा और आकर्षक दिखाई दिए, जबकि भाग्यश्री बोरसे एक ग्लैमरस दिवा की तरह दिखीं। दोनों की केमिस्ट्री आकर्षक और शानदार थी। रवि तेजा के नृत्य सुंदर थे, जबकि भाग्यश्री ने अपने आकर्षक मूव्स से मंत्रमुग्ध कर दिया। शेखर मास्टर ने अपनी शानदार कोरियोग्राफी से दृश्यों में भव्यता ला दी।

अयंका बोस द्वारा कैप्चर किए गए दृश्य बहुत जीवंत और शानदार थे। उन्होंने कश्मीर घाटी के विदेशी स्थानों को बहुत आकर्षक ढंग से दिखाया। सितार एक त्वरित हिट है और जब हम इसे बड़े पर्दे पर देखेंगे तो यह गीत और भी आकर्षक लगेगा।

फिल्म में जगपति बाबू और सचिन खेडेकर भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। टीजी विश्व प्रसाद पीपल मीडिया फैक्ट्री के बैनर तले इस परियोजना को बड़े पैमाने पर वित्तपोषित कर रहे हैं। विवेक कुचिभोटला सह-निर्माता हैं। नाम तो सुना होगा फिल्म की टैगलाइन है। ब्रह्मा कदली कला निर्देशक हैं और उज्ज्वल कुलकर्णी संपादक हैं। नर्माता जल्द ही फिल्म की रिलीज की तारीख की घोषणा करेंगे।

# ईशा मालवीय को बिग बॉस 17 को लेकर होता है पछतावा

बिग बॉस 17 में नजर आ चुकीं एक्ट्रेस ईशा मालवीय ने खुलासा किया कि उन्हें कंट्रोवर्शियल रियलिटी शो करने को लेकर पछतावा होता है। उन्हें इस बात का पछतावा हैं कि वह उन स्वार्थी लोगों के साथ रहीं, जो सिर्फ उनका इस्तेमाल कर रहे थे। ईशा ने कहा, मुझे कई स्वार्थी लोगों के साथ रहना पड़ा, जो मेरा इस्तेमाल कर रहे थे और मुझे उस समय इसका एहसास तक नहीं हुआ। मुझे इन बातों का पछतावा होता है, लेकिन मुझे बिग बॉस में हिस्सा लेने का कोई पछतावा नहीं है। मुझे उन लोगों के साथ दोस्ती या रिश्ते बनाने का पछतावा है, जिन्होंने मेरी रिस्पेक्ट नहीं की और न ही मेरी कीमत समझी।

उन्होंने कहा कि वह डांस-बेस्ड रियलिटी शो में हिस्सा लेना पसंद करेंगी। ईशा ने कहा, मुझे नहीं लगता कि मैं और ज्यादा रियलिटी शो करूंगी, लेकिन अगर यह डांस से जुड़ा है, जैसे झलक दिखला जा, तो मैं हिस्सा लेना पसंद करूंगी। मैं 6 साल की उम्र से ही डांस कर रही हूं, तो क्यों नहीं? बता दें कि ईशा मालवीय ने बिग बॉस 17 के घर में अपने एक्स बॉयफ्रेंड अभिषेक कुमार के साथ एंट्री ली थी। शो में अभिषेक और ईशा के बीच में काफी झगड़े देखने को मिले। ईशा ने अभिषेक पर फिजिकल वायलेंस के आरोप लगाए, जिन्हें अभिषेक ने खारिज किया।

ईशा मालवीय और अभिषेक कुमार दोनों को शो उडारियां में देखा गया था।

बिग बॉस 17 में ईशा के बॉयफ्रेंड समर्थ जुरेल ने भी एंट्री ली, इसके बाद शो में काफी कुछ ड्रामा देखने को मिला था। बिग बॉस के घर से बाहर आने के बाद दोनों का ब्रेकअप हो गया। ईशा कई म्यूजिक वीडियो में नजर आईं। ज्योति नूरन के गाने पांव की जुत्ती सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ।

# जान्हवी कपूर अजय देवगन को टक्कर देने के लिए तैयार

जान्हवी कपूर की आगामी जासूसी थ्रिलर 'उलझ'को लेकर प्रशंसक काफी ज्यादा उत्साहित हैं। फिल्म में जान्हवी कपूर के साथ गुलशन देवैया, रोशन मैथ्यू, राजेश तैलंग, मियांग चांग, सचिन खेडेकर, राजेंद्र गुप्ता और जितेंद्र जोशी जैसे सितारे अहम भूमिका में नजर आने वाले हैं। वहीं, अब जान्हवी ने प्रशंसकों को एक और बड़ा तोहफा दिया है। फिल्म के नए पोस्टर के साथ अभिनेत्री ने इसकी रिलीज डेट को वापस से टीज किया है।



जान्हवी कपूर ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर फिल्म से जुड़े दो पोस्टर साझा किए हैं। वहीं, उन्होंने इस पोस्ट के कैप्शन में लिखा है, हर चेहरा एक कहानी कहता है और हर कहानी एक जाल है। इस उलझ को सुलझाओ। 2 अगस्त से आपके नजदीकी सिनेमाघरों में। पोस्टर को देखते ही जान्हवी कपूर के प्रशंसक और अनुयायी बेहद उत्साहित हो उठे। एक यूजर ने लिखा, हे भगवान ! क्या यह असली के लिए है? मैं उम्मीद कर रहा था कि यह फिल्म अभी भी बन रही है... लेकिन, इसे देखो ! हमारी प्यारी बच्ची जान्हवी कपूर... वह नहीं चाहती थीं कि उनके प्रशंसक अब और इंतजार करें। इसलिए उन्होंने निर्माताओं से फिल्म को जल्द से जल्द रिलीज करने का अनुरोध किया होगा।

पोस्टर पर प्रतिक्रिया देते हुए एक अन्य यूजर ने लिखा, यह वही है जिसका हम कई दिनों से इंतजार कर रहे थे। फिल्म उलझ की रिलीज डेट। मैं सोचता हूं, आशा करता हूं और प्रार्थना करता हूं कि इस बार फिल्म की रिलीज डेट किसी भी कीमत पर टलनी नहीं चाहिए। हममें से काफी लोग जान्हवी कपूर को फिल्म में देखने का इंतजार कर रहे हैं। इससे बेहतर कुछ हो ही नहीं सकता।

फिल्म उलझ का निर्देशन सुधांशु सरिया ने किया है। वहीं, विनीत जैन इसके निर्माता हैं। फिल्म की कहानी एक युवा डिप्लोमैट सुहाना (जान्हवी कपूर) के इर्द-गिर्द घूमती है। यह फिल्म सस्पेंस और थ्रिलर से भरपूर होने वाली है। फिल्म के ज्यादातर सीन विदेशी धरती पर फिल्माए गए हैं, जिसकी झलक भी टीजर में देखी जा चुकी है। जानकारी हो की बॉक्स ऑफिस पर उलझ की भिड़ंत अजय देवगन की फिल्म औरों में कहा दम था से होगी। दोनों ही फिल्में 2 अगस्त को सिनेमाघरों में दस्तक दे रही हैं।

# येलो बॉडीकॉन आउटफिट पहन नुसरत भरुचा ने चलाया जादू



एक्ट्रेस नुसरत भरूचा आए दिन अपनी ग्लैमरस अदाओं से फैंस को अपने हुस्न का कायल करती रहती हैं। वो जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनके स्टनिंग लुक को देखकर तारीफों के पुल बांधते नहीं थकते हैं। अब हाल ही में एक्ट्रेस नुसरत भरूचा ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की हैं, जिसमें उनका क्लासी अंदाज देखने को मिल रहा है।

एक्ट्रेस नुसरत भरूचा अपनी एक्टिंग से ज्यादा अपने लुक्स को लेकर सोशल मीडिया पर छाई हुई रहती हैं।

उनकी हर एक फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट होते ही सोशल मीडिया पर तहलका मचाने लगती है। अब हाल ही में एक्ट्रेस ने अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें शेयर की हैं।

इन तस्वीरों में उनकी कातिलाना अदाओं ने फैंस के दिलों पर खंजर चला दिया है। नुसरत भरूचा ने लेटेस्ट फोटोशूट के दौरान येलो कलर की बॉडीकॉन आउटफिट पहना हुआ था।

एक्ट्रेस नुसरत भरूचा अपने इस लुक में बेहद ही सिजलिंग और हॉट नजर आ रही हैं। साथ ही फैंस उनके लुक की तारीफ करते नहीं थक रहे हैं।

एक यूजर ने एक्ट्रेस की इन फोटोज पर कॉमेंट करते हुए लिखा है- टू मच हॉट। वहीं दूसरे यूजर ने उनके इस लुक पर कॉमेंट किया है- लुकिंग सुपर्ब इन येलो कलर।

नुसरत भरूचा ने अपने लुक को और भी ज्यादा खूबसूरत बनाने के लिए बालों को अच्छे लुक में स्टाइल करवाया है। साथ ही लाइट मेकअप कर के एक्ट्रेस ने अपने आउटलुक को और भी शानदार तरीके से निखारा है।

नुसरत भरूचा भले ही इन दिनों किसी फिल्मों में नहीं दिखाई दे रही हो लेकिन वो आए दिन अपनी लेटेस्ट फोटोज इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर फैंस का सारा अटेंशन अपनी ओर खींच लेती हैं।

# चीन पुतिन का समर्थन कुछ शर्तों पर ही करेगा


श्रुति व्यास

क्या दृश्य था.! अस्त होने के ठीक पहले का नर्म सूरज पेड़ों के पीछे से झांक रहा था। उसकी रोशनी दो प्रसन्नचित्त पक्के दोस्तों पर पड़ रही थी जो पांच साल के बाद मिले थे। इस मुलाकात से वे दोनों कितने रोमांचित थे, यह उनके गर्मजोशी से गले मिलने से जाहिर था।

पिछले दिनों राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अपने निवास पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जोरदार स्वागत किया और रूस आने के लिए अपने 'प्रिय मित्र' मोदी का शुक्रिया अदा किया। जवाब में मोदी ने कहा, एक दोस्त के घर आना हमेशा बहुत अच्छा अनुभव होता है। एक-दूसरे के प्रति दोनों का रवैया बहुत सौहार्दपूर्ण था। यह करीब-करीब उत्तर कोरिया के राष्ट्रपति किम जोंग-उन की रूस यात्रा जैसा ही था या फिर कुछ हफ्ते पहले पुतिन की उत्तर कोरिया की यात्रा जैसा। तब किम और पुतिन प्योंगयांग की एक सडक् पर एक महंगी कार में घूमते नजर आए थे, जिसे किम चला रहे थे। लगभग वैसा ही नजारा हमने मॉस्को में देखा जहां मोदी एक नीले रंग की चमचमाती गोल्फ कार्ट में बैठे थे जिसे, पुतिन चला रहे थे। दोनों नेता पुतिन के घोड़ों को देखने जा रहे थे।

जिस समय मॉस्को में प्रेम और सौहार्द का यह प्रदर्शन चल रहा था, उस समय जो बाइडेन वाशिंगटन में नाटो देशों के नेताओं की अगवानी कर रहे थे, जिनकी यात्रा का उद्देश्य था यूक्रेन युद्ध में रूस द्वार ढाए जा रहे जुल्मों के चलते उस पर और सख्त प्रतिबंध लगाने, उसके खिलाफ और कठोर कदम उठाने पर विचार करना। रूस ने उसी दिन अन्य नागरिक ठिकानों के साथ-साथ यूक्रेन के बच्चों के सबसे बड़े अस्पताल पर मिसाइलों से हमला किया, जिसमें बच्चों सहित दर्जनों लोग मारे गए।

मोदी के रूस में हुए गर्मजोशी भरे स्वागत पर कीव से यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलदोमिर जेलेंस्की ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया, दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के नेता को खून-खराबे के सबसे बड़े अपराधी के गले लगते देखना अत्यंत निराशाजनक है और शांति के प्रयासों के लिए बहुत बड़ा झटका है। प्रधानमंत्री यूक्रेन युद्ध प्रारंभ होने के बाद पहली बार रूस पहुंचे थे। यह तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के बाद उनकी पहली द्विपक्षीय विदेश यात्रा भी थी। उन्होंने स्वयं उनके द्वारा कायम की गई इस परंपरा को तोड़ दिया कि पद संभालने के बाद वे सबसे पहले पड़ोसी देश की यात्रा करेंगे। उन्होंने रूस को चुना।



उनका इरादा पुतिन द्वारा यूक्रेन पर हमला करने के खिलाफ कोई सख्त रवैया अपनाने या पुतिन की बर्बरता की कड़े शब्दों में की निंदा करने का नहीं था, बल्कि, दोनों देशों के बीच लंबे समय से जारी रणनीतिक एवं आर्थिक संबंधों पर एक बार फिर मुहर लगानी थी। पहली विदेश यात्रा के लिए रूस को चुनने का एक उद्धेश्य क्रेमलिन की भारत के प्रतिद्वंदी चीन पर निर्भरता कम करने का प्रयास करना भी था।

यह करने के लिए उन्हें पूरब और पश्चिम के बीच एक नाजुक संतुलन कायम करना पड़ेगा। लेकिन इसकी बजाए वे अब तक रूस को काफी नरम अंदाज़ में समझाइश देते आ रहे हैं। उन्होंने 2022 में उज्बेकिस्तान में आयोजित क्षेत्रीय सम्मेलन में पुतिन से कहा था कि आज का समय युद्ध का नहीं है। पुतिन ने पिछले साल दिल्ली में आयोजित हुए जी-20 सम्मेलन में भाग नहीं लिया, जिसमें दुनिया भर के नेताओं ने यूक्रेन पर रूसी हमले की आलोचना की। वहीं मोदी पिछले सप्ताह कजाखस्तान में हुए शंघाई सहयोग संगठन, एससीओ सम्मेलन में नहीं पहुंचे, जिसमें रूसी राष्ट्रपति ने दावा किया कि मॉस्को एवं बीजिंग के संबंध इससे पहले कभी इतने अच्छे नहीं रहे।

इससे भारत के कान खड़े हो गए। उसे लगा कि मॉस्को-बीजिंग की बढ़ती निकटता से वह अलग-थलग पड़ जाएगा। लद्दाख इलाके में जून 2020 में हुई खूनी झड़पों में 20 भारतीय और कम से कम चार चीनी सैनिक मारे गए थे और इसके कारण दोनों देशों के बीच तनाव बना हुआ है।

यह स्थिति दिल्ली को चुभी और चिंतित सरकार ने आनन-फानन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रूस यात्रा का कार्यक्रम बनाया। आखिरकार रूस को भारत की जितनी जरूरत है, उससे कहीं ज्यादा जरूरत भारत को रूस की है। प्रतिरक्षा और तेल के लिए अभी भी भारत काफी हद तक रूस पर निर्भर है। रूस के लिए भारत वित्तीय दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण है और दोनों देशों का आपसी व्यापार पिछले वर्ष करीब 65 अरब डॉलर था मगर इसमें ज्यादातर राशि रूस से निर्यात के भुगतान की है, जिसके नतीजे में भारत का व्यापार घाटा बहुत तेजी से बढ़ा है। इस बात पर मोदी ने भी 'गपशप' के दौरान चिंता जाहिर की।

लेकिन 'गपशप' के दौरान सिर्फ मीठी-मीठी बातें ही नहीं हुईं, बल्कि इसमें तकरार के क्षण भी आए। आखिरकार युद्ध का दुष्प्रभाव भारत को भी झेलना पड़ा है। मोदी ने जल्दी से जल्दी उन भारतीयों को मुक्त कराने की मांग की, जिन्हें पिछले कुछ वर्षों में यूक्रेन से लडने् के लिए रूसी सेना में शामिल होने के लिए बहलाया-फुसलाया गया था। अब तक इनमें से कम से कम चार की मौत युद्धक्षेत्र में हो चुकी है। पुतिन ने वायदा किया कि सभी भारतीयों को रूसी सेना की सेवाओं से मुक्त करके वापिस स्वदेश भेज दिया जाएगा।

मोदी की रूस की यह पहली दोपक्षीय विदेश यात्रा अमेरिका को पसंद नहीं आई। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने मोदी से मॉस्को में यूक्रेन की अखंडता के मुद्दे पर जोर देकर बात करने की मांग की। उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका ने रूस से संबंधों को लेकर भारत से चिंता जाहिर की है।

भारत इस समय किसी नट की तरह, दो खंभों के बीच बंधी रस्सी पर संतुलन बनाए रखकर चलने की कोशिश कर रहा है। वो दोनों पक्षों से पूरा-पूरा लाभ हासिल करना चाहता है। वह अमेरिका और पश्चिम का सहयोगी बनना चाहता है। वह चाहता है कि पूरी दुनिया उसे विश्वगुरु माने। लेकिन जो गुरु अपने चेलों की गलतियों पर चुप्पी साध ले वह कैसा गुरु।

इसमें कोई संदेह नहीं कि मोदी की रूस यात्रा शीत युद्ध के समय से जारी रणनीतिक संबंधों की ही एक कड़ी है। रूस और चीन की निकटता से नई दिल्ली में बेचैनी और चिंता उत्पन्न होना स्वाभाविक है। आने वाले समय में रूस और चीन की निकटता, भारत के लिए एक मुसीबत बन सकती है। पुतिन जरा सी भी झिझक के बिना बर्बरतापूर्ण रवैया अपनाए हुए हैं और आशंका कि वे रसायनिक और छोटे परमाणु हथियारों के जरिए और भी निर्दयतापूर्ण जुल्म ढा सकते हैं।

क्या भारत इसका मूक दर्शक बना रहेगा? और यदि युद्ध रूस को थका देता है, उसकी आर्थिक स्थिति को कमजोर कर देता है, तो क्या चीन पर उसकी निर्भरता और नहीं बढ़ेगी? क्या यह भारत के लिए नुकसानदायक नहीं होगा? हम यह जानते हैं कि चीन पुतिन का समर्थन कुछ शर्तों पर ही करेगा। और इसमें कोई शंका नहीं होनी चाहिए कि भारत-चीन विवाद की स्थिति में रूस वैसा ही आचरण करेगा जैसा आज भारत कर रहा है- न काहू से दोस्ती, न काहू से बैर।

## कैमरे को फंगस और स्क्रैच से बचाए रखने के लिए अपनाएं ये बेहतरीन तरीके

अगर कैमरे की सही ढंग से देखभाल न की जाए तो इस पर फंगस लगने और इसके लेंस पर स्क्रैच पड़ने का खतरा रहता है। फंगस नमी की वजह से होती, वहीं रखरखाव सही से नहीं होने की वजह से कैमरे के लेंस पर स्क्रैच पड़ जाते हैं। इसलिए इसकी अतिरिक्त देखभाल करें। आइए जानते हैं कि आप अपने कैमरे को फंगस और स्क्रैच से कैसे बचाए रख सकते हैं।

फोम बॉक्स का करें इस्तेमाल

अक्सर लोग ट्रैवलिंग के दौरान कैमरे को अपने पास रखना पसंद करते हैं, लेकिन जब उनके आराम का समय होता है तो वे किसी अलमारी या फिर कैबिनेट में कैमरे को ऐसे ही रख देते हैं। इससे कैमरे पर फंगस या स्क्रैच लग सकती है। इसलिए बहुत जरूरी है कि आप इसे ऐसी जगह पर रखें जहां नमी न हो। कैमरे को नमी और स्क्रैच से बचाने के लिए फोम बॉक्स का इस्तेमाल करें।

कैमरे के बैग में रखें सिलिका जेल

जब आप इस्तेमाल के बाद अपने कैमरे को किसी बैग या बॉक्स में रखें तो इसके साथ सिलिका जेल भी जरूर रखें। सिलिका जेल नमी को सोखने में मदद करता है। हालांकि ध्यान रखें कि सिलिका जेल रखने के बाद कैमरे के बैग या बॉक्स के अंदर हवा या नमी नहीं पहुंचनी चाहिए। कोशिश करें कि बैग या बॉक्स की चैन और ढक्कन पूरी तरह से बंद हो।

ठंडी जगह पर रखें

कैमरे का लेंस बहुत ज्यादा नाजुक होता है, इसलिए इस पर जल्द स्क्रैच पड़ने की संभावना अधिक होती है। हालांकि अगर आप अपने कैमरे को ऐसे नुकसान से बचाना चाहते हैं तो इसे ठंडे या रूम टेम्परेचर वाले कमरे में सुरक्षित जगह पर रखें। इसके अलावा अगर आप कैमरे को बैग में रखते हैं तो उस बैग को समय-समय पर साफ जरूर करें। कई बार बैग भी कैमरे को नुकसान पहुंचाने का कारण बन सकता है।

इन बातों का रखें खास ध्यान

जब भी आप कैमरे का लेंस साफ करें तो उस पर जमी धूल-मिट्टी को साफ करने के लिए फूंक न मारें क्योंकि फूंक के साथ निकली लार लेंस को नुकसान पहुंचा सकती है। लेंस की सफाई के दौरान अपने पास हमेशा लेंस क्लीनिंग लिक्विड, क्लीनिंग ब्रश और क्लीनिंग टिश्यू जरूर रखें। लेंस की सफाई करते समय हाथों में ग्लव्स जरूर पहनें।

## बॉक्स ऑफिस पर सरफिरा की कमाई में भारी गिरावट

अक्षय कुमार की फिल्म सरफिरा बीते शुक्रवार यानी 12 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हुई और समीक्षकों ने फिल्म को खूब सराहा, लेकिन यह बॉक्स ऑफिस पर शुरुआत से दर्शकों के लिए तरस रही है।बड़े मियां छोटे मियां के बाद प्रशंसकों को अक्षय की सरफिरा से काफी उम्मीदें थीं, लेकिन यह पहले ही दिन टिकट खिडकी पर फुस्स हो गई। अब सरफिरा की कमाई के चौथे दिन के आंकड़े सामने आ चुके हैं, जिसमें भारी गिरावट दर्ज की गई। बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, सरफिरा ने अपनी रिलीज के चौथे दिन यानी सोमवार को महज 1.40 करोड़ रुपये का कारोबार किया, जिसके बाद इसका कुल बॉक्स ऑफिस कलेक्शन 13.40 करोड़ रुपये हो गया है।सरफिरा ने 2.50 करोड़ रुपये के साथ बॉक्स ऑफिस पर बेहद खराब शुरुआत की थी।

सरफिरा में अक्षय की जोड़ी पहली बार राधिका मदान के साथ बनी है। परेश रावल और सीमा बिस्वास भी फिल्म का अहम हिस्सा हैं।इस फिल्म का निर्देशन सुधा कोंगारा ने किया है, वहीं अरुणा भाटिया, विक्रम मल्होत्रा, ज्योतिका और सूर्या इसके निर्माता हैं।सरफिरा दक्षिण भारतीय अभिनेता सूर्या की सुपरहिट फिल्म सोरारई पोटरू की आधिकारिक हिंदी रीमेक है, जो बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट साबित हुई थी।इस फिल्म को लगभग 100 करोड़ रुपये के बजट में बनाया गया है।

## महंगे एक्सप्रेस-वेज ही इन्फ्रास्ट्रक्चर नहीं

सिर्फ ऊंचे टॉल टैक्स वाले महंगे एक्सप्रेस-वेज (जो आम जन की पहुंच से बाहर हों) ही इन्फ्रास्ट्रक्चर नहीं हैं। असल कसौटी यह है कि एक्सप्रेज-वेज से उतरने के बाद शहर और गांवों में ऐसे निर्माणों के कारण जिंदगी कितनी सहूलियत भरी हुई है।

लखनऊ में चारबाग स्टेशन के बाहर नौका चलते देखना कौतुक से भरा अनुभव है। वाराणसी में शहर के अंदर जगह-जगह तालाब जैसा नज़ारा बनना उससे कोई कम तजुर्बा नहीं है। ठीक ही कटाक्ष किया गया है कि वादा वाराणसी को क्योटो (जापान की स्मार्ट सिटी) बनाने का था, लेकिन उसे वेनिस (इटली का मशहूर नगर जहां शहर के अंदर मौजूद झीलों में नौकाएं चलती हैं) बना दिया गया। यह तो सिर्फ दो मिसालें हैं।

जल जमाव के शिकार शहरों की सूची रोज लंबी होती जा रही है। सोमवार सुबह-सुबह खबर आई की महानगर मुंबई में रात में हुई बारिश से जगह-जगह पानी भर गया है।

राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में वैसा नज़ारा पैदा हुए अभी कुछ रोज ही गुजरे हैं। यानी महानगर से लेकर छोटे शहरों तक में इस मामले में समरूपता बनती जा रही है। एयरपोर्ट्स के अंदर पानी घुसना और ट्रेनों से लेकर रेलवे स्टेशनों तक पर ऊपर से रिसते पानी से झरने जैसा दृश्य बनना आम हो गया है। यह उस देश का हाल है, जहां तेजी से विकसित होते इन्फ्रास्ट्रक्चर की कहानियां इस तरह फैली हैं कि देशवासी अक्सर उस पर गर्व करते दिखते हैं।

ये कहानियां दूर-दूर तक फैली हैं। कुछ समय पहले मशहूर ब्रिटिश पत्रिका द इकॉनमिस्ट ने अपनी एक रिपोर्ट में इसे माउथवाटरिंग इन्फ्राक्टक्चर निर्माण कहा था। बहरहाल, आम भारतवासियों के मुंह में इस निर्माण को देख कर पानी भले ना आता हो, लेकिन उन्हें अपने चारों ओर भरे पानी को चीरते हुए जरूर गुजरना पड़ रहा है।

तो अब जरूरी हो गया है कि इन्फ्रास्ट्रक्चर निर्माण के बारे में नई समझ बनाई जाए। सिर्फ ऊंचे टॉल टैक्स वाले एक्सप्रेस-वेज (जो आम जन की पहुंच से बाहर हों) ही इन्फ्रास्ट्रक्चर नहीं हैं। असल कसौटी यह है कि एक्सप्रेज-वेज से उतरने के बाद शहर और गांवों में ऐसे निर्माणों के कारण जिंदगी कितनी सहूलियत भरी हुई है। वैसे तो हर मौसम में इस कसौटी पर हमारी बस्तियां फेल होती हैं, लेकिन इस वर्ष की बरसात में टूटते पुलों, सडकों में पड़ती दरार, एयरपोर्ट और रेलवे ढांचे में घुसते पानी, आदि ने कुछ ज्यादा पोल खोल दी है। (आरएनएस)

# सरकार को बैसाखी देने वाले राज्यों को खुश करने वाला है बजटः शर्मा

संवाददाता

देहरादून। महानगर कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष लालचंद शर्मा ने कहा कि सरकार को बैसाखी देने वाले राज्यों को खुश करने वाला बजट है।

आज यहां महानगर कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष लालचन्द्र शर्मा ने निर्मला सीतरमण द्वारा प्रस्तुत केन्द्रीय आम बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का बजट केवल अपनी सरकार को बैसाखी देने वाले राज्यों को खुश करने वाला बजट है। उन्होंने कहा कि पांच-पांच सांसद देने वाले उत्तराखण्ड राज्य के लिए केन्द्रीय बजट में कोई प्रावधान नहीं किया गया है। बिहार में नये इवाई अड्डों व चिकित्सालयों को खोलने की घोषणा की गई है परन्तु पहले से मौजूद अस्पतालों में चिकित्सक नहीं हैं और हवाई अड्डे की छत ढह रही है। देश में रोज खडी हो रही बेरोजगारों की फौज के लिए नये रोजगार के साधन उपलब्ध कराने और नये उद्योग लगाने के लिए बजट में कोई प्रावधान नहीं है। सरकारी कर्मचारियों के लिए इनकम टैक्स छूट के स्लैबों मे की गई बढ़ोत्तरी ऊंट के मुंह में जीरे के समान है। ऐसा कहा जा सकता है कि मोदी सरकार का आम बजट अपनी सरकार बचाने के लिए है तथा केन्द्रीय बजट केवल आन्ध्र प्रदेश और बिहार प्रदेश को केन्द्र में रखकर बनाया गया है।

# होम स्टे से मोबाइल चोरी में दो गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। होम स्टे से मोबाइल चोरी करने वाले दो लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनको न्यायालय में पेश किया जहां से उनको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार बडकोट उत्तरकाशी निवासी ऋषभ सिंह ने सेलाकुई थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि क्षेत्र में उसने होम स्टे खोल रखा है। गत दिवस उसके होम स्टे से चार मोबाइल फोन चोरी हो गये हैं। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आसपास के सीसीटीवी कैमरों को खंगाला तो पुलिस को महत्वपूर्ण जानकारी हासिल हुई। जिसके चलते आज पुलिस ने चोरी के मोबाइलों के साथ दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में उन्होंने अपने नाम आकाश साहनी पुत्र राम बापू निवासी शिव मंदिर के पास सेलाकुई व अशोक कश्यप पुत्र विजय कुमार निवासी अटक फार्म खैरी सेलाकुई बताया। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनको न्यायालय में पेश किया जहां से उनको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

# महान क्रांतिकारी आजाद को किया जयंती पर याद

संवाददाता

देहरादून। उत्तराखण्ड आंदोलनकारी संयुक्त परिषद ने महान क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद को उनकी जयंती पर याद किया।

आज यहां उत्तराखंड आंदोलनकारी संयुक्त परिषद के कार्यकर्ताओं ने महान क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद की जयंती के अवसर पर उन्हें याद किया। स्मरण रहे कि चंद्रशेखर आजाद का जन्म 23 जुलाई 1906 को मध्य प्रदेश में हुआ था।उत्तराखंड आंदोलनकारी संयुक्त परिषद के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रभात डंडरियाल और उत्तराखंड आंदोलनकारी संयुक्त परिषद के जिला अध्यक्ष सुरेश कुमार ने बताया कि वह 15 वर्ष की अल्पायु में भी वह देश के लिए अंग्रेजों से मुक्ति दिलाने के लिए आगे आए थे। 27 फरवरी 1931 को अंग्रेजों से मुठभेड़ के बाद चंद्रशेखर आजाद ने अपने आप खुद को ही गोली मार दी थी। उनकी यह कुर्बानी देश कभी नहीं भूलेगा। चंद्रशेखर आजाद को याद करने वालों में नवनीत गोसाई, सुरेश कुमार, प्रभात डंडरियाल, आरिफ वारसी, सुशील विरमानी आदि शामिल रहे।

# युवतियों से अभद्रता करने पर दो के खिलाफ मुकदमा दर्ज

संवाददाता

देहरादून। युवतियों से अभद्रता कर मारपीट करने पर पुलिस ने दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार टिहरी निवासी युवती ने सेलाकुई थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह अपनी सहेली नाम प्रायंती, साक्षी के साथ दुकान डीबीएस के पीछे सामान लेने के लिए गए थे तो वह उधर बैठकर बात कर रहे थे तभी वहां मोर सिंह रावत और लंकी और उनके साथ दो तीन आदमी आए और उन्हें गंदे तरिके से देखते हुए बोला की तुम लडकीया पहाड से यहां धंधा करने आते हो तुमने यहां का महौल गंदे कर दिया हैं रुम भी खाली करने को बोला उसके दोस्त को रुम से निकाल के हाथापाई की मार पीट की उनके साथ काफी समय से परेशान कर रहे है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# नौकरी लगाने के नाम पर महिलाओं से जेवर ठगने वाला शातिर गिरफ्तार

हमारे संवाददाता

हरिद्वार। नौकरी लगाने के नाम पर महिलाओं से जेवरात ठगने के मामले का खुलासा करते हुए पुलिस ने एक शातिर को गिरफ्तार कर लिया है। जिसके कब्जे से ठगे गये लाखों के जेवरात व घटना में प्रयुक्त बाइक भी बरामद की गयी है। जानकारी के अनुसार बीती 20 व 21 जुलाई को थाना सिड़कुल में दो अलग-अलग महिलाओं ने तहरीर देकर बताया गया था कि अज्ञात आरोपी द्वारा कंपनी में इंटरव्यू के नाम पर उनके सोने के कान के कुंडल को कंपनी में ले जाना प्रतिबंधित होने की बात कही गयी व जेवर उतरवाकर अपने पास सुरक्षित रखने की बात कह कर जेवर लेकर फरार हो गया। मामले में पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी गयी।



घटना के खुलासे हेतु पुलिस टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए एक सूचना के बाद थाना क्षेत्र केबिन केयर तिराहे के पास से घटना करने वाले आरोपी राशिद पुत्र वहीद निवासी ग्राम छोटी एकड़ खुर्द थाना पथरी जिला हरिद्वार को गिरफ्तार कर लिया है जिसके पास से ठगे गये जेवरात व घटना में प्रयुक्त बाइक भी बरामद की गयी है। जिसे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

# निगम की जमीन बेचने पर तीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज

संवाददाता

देहरादून। धोखे से निगम की जमीन बेचने पर पुलिस ने तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार आमवाला निवासी प्रतीक गोयल ने रायपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसके द्वारा मोजा डाण्डा लखोण्ड में भूमि पूर्व उसके स्वामी आकांश पंवार पुत्र पीके पंवार निवासी नेगी रोड डालनवाला देहरादून व मनोज गुलयानी पुत्र चरनजीत सिंह निवासी रेसकोर्स देहरादून द्वारा मुख्तारेआम बालेश कुमार पुत्र परम सिंह निवासी राजपुर रोड नियर साई मन्दिर डाण्डा लखोण्ड देहरादून से क्रय की थी तथा शशिकान्त सिंघल पुत्र हरिकिशन सिंघल निवासी बी पीठबाजार निकट इन्दु पैलेस न्यू मण्डी मुजफ्फनगरका निवासी है, जो सभी एक साथ मिलकर भूमि क्रय की थी। उसके साथ उपरोक्त भूमि पर धोखाधडी के तहत भूमि की रकम ली है और भूमि के धोखा करने पर उसको अपनी रकम या भूमि देने को आग्रम किया है तो उपरोक्त सभी ने मना कर दिया है और उसके साथ पूरी रकम को धोखे से लेना और निगम की जमीन धोखे से बेच दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# गले पर फंदा लगाकर की आत्महत्या

देहरादून (सं)। एक व्यक्ति ने गले में फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पटेलनगर कोतवाली पुलिस ने आज एक व्यक्ति अलाउद्दीन द्वारा कंट्रोल रूम को सूचना दी कि लोहिया नगर स्थित उनके घर मे उनके बड़े भाई ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है, सूचना पर तत्काल चौकी प्रभारी बाजार मय पुलिस बल के मौके पर पहुंचे, मौके पर मृतक की पहचान मजहर खान पुत्र स्व. अख्तर निवासी लोहिया नगर, थाना पटेल नगर के रूप में हुई। जो अपने परिवार के साथ उक्त घर मे रहता था। पूछताछ में परिजनों द्वारा बताया गया कि रात्रि में मृतक घर में ऊपर वाले कमरे में सो रहा था तथा उसकी पत्नी और बच्चे नीचे कमरे में सो रहे थे, सुबह उनकी पत्नी के दरवाजा खटखटाने पर जब उनके द्वारा दरवाजा नहीं खोला गया तो उनकी पत्नी के खिड़की से देखने पर वह पंखे से फंदा लगाकर लटका हुआ मिला, जिस पर उसकी पत्नी द्वारा शोर मचाकर आसपास के पड़ोसियों को मौके पर बुलाया गया, जिनके द्वारा घर की कुंडी खोलकर मृतक को नीचे उतारकर तुरंत 108 के माध्यम से अस्पताल पहुंचाया गया, जहां पर डॉक्टरों द्वारा उसे मृत घोषित किया गया।

# श्री केदारनाथ प्रतिष्ठा रक्षा यात्रा के लिए कोर्डिनेटरों की नियुक्ति

संवाददाता

देहरादून। श्री केदारनाथ प्रतिष्ठा रक्षा यात्रा के लिए जिला कोर्डिनेटरों की नियुक्ति की गयी। आज यहां प्रदेश कांग्रेस सोशल मीडिया विभाग के कार्यकारी अध्यक्ष विशाल मौर्य ने बताया कि उत्तराखण्ड प्रदेश कांग्रेस द्वारा 24 जुलाई 2024 को चलाई जा रही श्री केदारनाथ प्रतिष्ठा रक्षा यात्रा हेतु प्रदेश कांग्रेस सोशल मीडिया विभाग द्वारा जिला कोर्डिनेटरों की नियुक्ति की गई है। मौर्य ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा के नेतृत्व में 24 जुलाई 2024 से 3 अगस्त 2024 तक चलाई जा रही श्री केदारनाथ प्रतिष्ठा रक्षा यात्रा हेतु प्रदेश कांग्रेस सोशल मीडिया विभाग द्वारा यात्रा की कवरेज हेतु संगठन के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को जिला कोर्डिनेटर की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# बाबा अमरीक गैंग के सदस्य का वारंट जेल में किया दाखिल

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने बाबा अमरीक गैंग के सदस्य वारंट बी जेल में दाखिल किया गया। उसको रिमांड पर लेने की तैयारी शुरू की।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 21 मार्च को गोविंद सिंह पुंडीर की तहरीर पर थाना राजपुर में अमरीक गैंग के विरुद्व जमीनी धोखाधडी के सम्बंध में मुकदमा दर्ज किया गया था, जांच के दौरान पुलिस द्वारा गिरोह में शामिल 04 आरोपियों अदनान, अमजद, शरद गर्ग व साहिल को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया था। मुकदमें की जांच के दौरान 22 जुलाई 24 को थाना राजपुर पुलिस द्वारा प्रकाश में आये एक अन्य आरोपी रणवीर सिंह पुत्र भूप सिंह निवासी 115 हेमा माजरा थाना मुलाना जनपद अंबाला हरियाणा का न्यायालय से वारंट-बी प्राप्त किया गया। रणवीर सिंह द्वारा 24 जून 24 को पंचकूला में दिल्ली पुलिस की टीम पर जानलेवा हमला किया था, उक्त मुठभेड़ में रणवीर के पैर में गोली लग गई थी जिसका उपचार पंचकूला के एक निजी अस्पताल में हरियाणा पुलिस की निगरानी में चल रहा था। 19 जुलाई 24 को रणवीर के ठीक होने के पश्चात हरियाणा पुलिस द्वारा रणवीर को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में केंद्रीय कारागार अंबाला भेजा गया था, जिसके विरुद्व थाना सेक्टर 20 पंचकुला हरियाणा में मुकदमा दर्ज किया था। एसएसपी देहरादून अजय सिंह के निर्देशो पर पूर्व में दून पुलिस की एक टीम को रणवीर से पूछताछ के लिए सेक्टर 20 पंचकुला भेजा गया था, जिनके द्वारा रणवीर से बाबा अमरीक गैंग के अन्य सक्रिय सदस्यों के बारे में जानकारी जुटाई गई थी।

22 जुलाई 24 को राजपुर पुलिस द्वारा रणवीर का वारंट बी प्राप्त कर सेंटर जेल अंबाला में दाखिल कर लिया गया है। रणवीर को जल्द ही देहरादून लाकर गैंग के अन्य सदस्यों के सम्बन्ध में जानकारी जुटाई जाएगी। रणवीर एक हार्डकोर क्रिमिनल है, जिसके विरुद्व देश के कई राज्यों में संगीन वारदातों के कई अभियोग पंजीकृत हैं।

## एक नजर

# सोलर पैनल स्कीमः 1 करोड़ घरों को मुफ्त में मिलेगी 300 यूनिट तक बिजली!

नई दिल्ली। मोदी 3.0 के पहले बजट में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कई बड़े ऐलान किए हैं। इस बजट में आम से लेकर खास लोगों का भी ध्यान रखा गया है। वहीं सरकार से छूट मिलने का इंतजार करने वाले कुछ लोगों के लिए बड़ी खुशखबरी सामने आई है। वित्त मंत्री ने सोलर पैनल स्कीम के तहत 1 करोड़ घरों को 300 यूनिट तक की बिजली फ्री देने की घोषणा की है। दरअसल कई





लोग घर की छत पर सोलन पैनल लगाते हैं। ऐसे में ग्रीन और क्लीन एनर्जी को बढ़ावा देने के लिए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने नई घोषणा कर दी है। मोदी सरकार के ड्रीम प्रोजेक्ट सोलर पैनल स्कीम के अंतर्गत 1 करोड़ घरों को फायदा होगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बजट के दौरान ऐलान किया कि छत पर सोलर पैनल लगाने वाले घरों को 300 यूनिट तक की बिजली मुफ्त में दी जाएगी। बजट के दौरान वित्त मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना लॉन्च की गई है। इसके अंतर्गत 1 करोड़ लोगों के घरों की छतों पर सोलर पैनल लगाए गए हैं। इन घरों को हर महीने 300 यूनिट तक की बिजली फ्री में दी जाएगी। जिससे इस योजना को बढ़ावा मिलेगा और ज्यादा से ज्यादा लोग सोलर पैनल की मदद से बिजली की आपूर्ति करेंगे। बता दें कि फरवरी में पेश किए गए अंतरिम बजट में ही वित्त मंत्री ने इस स्कीम का ऐलान किया था। सोलर पैनल योजना के तहत सरकार एक करोड़ घरों की छत पर सोलर पैनर लगाएगी। इसमें आने वाले खर्चे पर सरकार 60 फीसदी की सब्सिडी भी देगी। घर की छत पर सोलर पैनल लगवाने से लोगों की सालाना 18 हजार रुपये तक की बचत होगी। वहीं अब 300 यूनिट बिजली भी फ्री में मिलेगी।

# वित्तमंत्री ने स्टैंडर्ड डिडक्शन की लिमिट बढ़ायी, टैक्स स्लैब में भी हुआ बदलाव

नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज आम बजट पेश कया। मोदी सरकार के 3.0 कार्यकाल के पहले बजट में महिला, किसान, युवा को केंद्र में रखा गया है। निर्मला सीतारमण सातवीं बार अपना बजट बतौर वित्त मंत्री पेश कर रही है जिसमें उन्होंने कई अहम गोषणाएं कीं। टैक्सपेयर्स को बड़ी राहत देते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने स्टैंडर्ड डिडक्शन की लिमिट बढ़ा दी है। इसे 50 हजार से बढ़ाकर 75000 रुपये सालाना कर दिया है। यह बदलाव न्यू टैक्स रिजीम के तहत किया गया है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इनकम टैक्स को लेकर बड़ा ऐलान किया है।




स्टैंडर्ड डिडक्शन के साथ ही टैक्स स्लैब में भी बदलाव किया गया है। यह बदलाव न्यू टैक्स स्लैब रेट में हुआ है। अब 15 लाख से ज्यादा इनकम होने पर 30 फीसदी का टैक्स लागू होगा। न्यू टैक्स रिजीम के तहत नए टैक्स स्लैब के मुताबिक, अगर किसी की इनकम 7 लाख से ज्यादा होती है तो उसे 3 लाख सालाना इनकम पर कोई टैक्स नहीं देना होगा। वहीं 3 से 7 लाख सालाना इनकम पर 5 प्रतिशत, 7 से ज्यादा और 10 लाख तक के सालाना इनकम पर 10 प्रतिशत, 10 लाख से ज्यादा और 12 लाख तक की सालाना इनकम पर 15 प्रतिशत, 12 लाख से ज्यादा और 15 लाख तक इनकम पर 20 फीसदी और 12 लाख से ज्यादा सालाना इनकम पर 30 प्रतिशत टैक्स लागू होगा।

0-3 लाख पर 0 प्रतिशत टैक्स
3-लाख से ज्यादा और 7 लाख पर 5% टैक्स
7 लाख से ज्यादा और 10 लाख पर 10% टैक्स
10 लाख से ज्यादा और 12 लाख पर 15% टैक्स
12 लाख से ज्यादा और 15 लाख पर 20% टैक्स
15 लाख से ज्यादा सालाना इनकम पर 30 प्रतिशत टैक्स

नोट- इसमें स्टैंडर्ड डिडक्शन को 50 हजार सालाना से बढ़ाकर 75000 रुपये सालाना कर दिया गया है। इसका मतलब है कि 7.75 लाख सालाना इनकम होने पर भी आपको न्यू टैक्स रिजीम के तहत कोई भी टैक्स नहीं देना होगा।

# महिलाओं की आजीविका का सशक्त माध्यम बनेगा हाउस ऑफ हिमालयाजः राधा रतूड़ी

संवाददाता

देहरादून। मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने कहा कि उत्तराखण्ड का अम्ब्रेला ब्राण्ड होने के साथ हाउस ऑफ हिमालयाज स्थानीय महिलाओं की आजीविका का सशक्त माध्यत बनेगा।

आज यहां मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने हाउस ऑफ हिमालयाज के तहत स्थानीय उत्पादों की बेहतरीन मार्केटिंग, क्वालिटी व ब्राण्डिंग पर फोकस करने के निर्देश दिए हैं। सीएस ने हाउस ऑफ हिमालयाज को उत्तराखण्ड के अम्ब्रेला ब्राण्ड के रूप में स्थापित करते हुए स्थानीय उत्पादों को राष्ट्रीय एवं अर्न्तराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के लिए मिशन मोड पर कार्य करने के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने निर्देश दिए हैं कि हाउस ऑफ हिमालयाज के तहत अधिकाधिक महिला स्वयं सहायता समूहों व स्थानीय महिला उद्यमियों को प्रोत्साहित किया जाना चाहिए। उत्तराखण्ड के सभी उत्पादों को एक ही नाम व ब्राण्ड मिलने से राष्ट्रीय एवं वैश्विक स्तर पर स्थानीय उत्पादों को बेहतर बाजार मिलेगा। सीएस ने निर्देश



दिए हैं कि हाउस ऑफ हिमालयाज के माध्यम से राज्य के सभी स्थानीय ब्राण्ड्स की पहुंच बढ़ाने के लिए कार्य किया जाना चाहिए। हाउस ऑफ हिमालयाज को वॉकल फॉर लोकल तथा लोकल फॉर ग्लोबल की थीम के साथ कार्य करना चाहिए। उन्होंने इसके लिए ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के माध्यम से स्थानीय उत्पादों को व्यापक स्तर तक पहुचाने के लिए कार्य करने के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव ने कहा कि हाउस ऑफ हिमालयाज राज्य का अम्ब्रेला ब्राण्ड होने के साथ ही प्रदेशभर की स्थानीय महिलाओं की आजीविका का सशक्त माध्यम बनने जा रहा है। उन्होंने विभिन्न स्वयं सहायता समूहों और उनके उत्पादों को इससे जोड़ने के निर्देश दिए हैं। हाउस ऑफ हिमालयाज के तहत प्रथम चरण में 21 उत्पादों को रखा गया है। भविष्य में अधिकाधिक स्थानीय उत्पादों को इससे जोड़ा जाएगा। इसके उत्पादों की गुणवत्ता की जांच तीन स्तरों पर की जा रही है। सचिवालय में मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी की अध्यक्षता में हाउस ऑफ हिमालयाज की बोर्ड ऑफ गर्वनेस की बैठक में सचिव श्रीमती राधिका झा, अपर सचिव मनुज गोयल सहित सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

## सैक्स रैकेट का खुलासा, 3 महिलाओं सहित 9 गिरफ्तार



हमारे संवाददाता

उधमसिंहनगर। घर में चल रहे सैक्स रैकेट का खुलासा करते हुए एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग सेल ने तीन महिलाओं सहित नौ लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। टीम द्वारा मौके से संचालिका, उसकी बहन और एक महिला दलाल के साथ छह ग्राहकों को गिरफ्तार किया है। जबकि पांच महिलाओं को रेस्क्यू किया गया है।

एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग सेल उधमसिंह नगर को कुछ समय से सूचना मिल रही थी कि ट्रांजिट कैंप थाना क्षेत्र में एक महिला द्वारा अपने घर में जिस्मफरोशी का धंधा चलाया जा रहा है। जिस पर टीम ने आजाद नगर ट्रांजिट कैंप स्थित उस घर में छापेमारी की गई तो मौके पर कमरों के अंदर कुछ महिलाएं और पुरुष आपत्तिजनक स्थिति में मिले। जिसके बाद टीम ने मौके से 3 महिलाओं और 6 पुरुषों को गिरफ्तार किया. जबकि पांच पीड़ित महिलाओं का रेस्क्यू कर परिजनों के सुपुर्द किया गया।

तलाशी के दौरान टीम को 6500 रुपए कैश और आपत्तिजनक सामग्री बरामद हुई। पूछताछ में पीड़ित महिलाओं ने बताया की संचालिका, उसकी बहन और एक अन्य महिला उनकी मजबूरी का फायदा उठाकर उन लोगों को पैसे का लालच देते हुए उनसे अनैतिक काम कराती है।

## दो कारों की भिड़ंत में एमबीबीएस छात्र की मौत

हमारे संवाददाता

नैनीताल। कालाढूंगी-नैनीताल मार्ग पर देर शाम आमने-सामने हुई दो कारों की भिड़त में एमबीबीएस के छात्र की मौत हो गयी है। जो उत्तराखंड हाईकोर्ट के अधिवक्ता का बेटा बताया जा रहा है। जबकि कार सवार अन्य लोगों को हल्की फुल्की चोटें आई हैं।

जानकारी के अनुसार घटना बीती शाम करीब 6 बजे की है। तल्लीताल निवासी अवनीश शाह बीती शाम अपनी कार से कालाढूंगी से नैनीताल की ओर जा रहा था। जब वह मंगोली के समीप पहुंचा ही था कि बैंड में सामने से आ रही पर्यटकों की कार से उसकी कार की जबरदस्त भिड़ंत हो गई। हादसे में कार चला रहा अवनीश बुरी तरह जख्मी हो गया।

हादसे के बाद राहगीरों ने स्थानीय लोगों की मदद से किसी तरह घायल अवनीश को कार से बाहर निकाला और दूसरे वाहन से कालाढूंगी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे. जहां चिकित्सकों



ने उसे मृत घोषित कर दिया। मंगोली चौकी इंचार्ज भूपेंद्र सिंह मेहता ने बताया कि दूसरी कार को हरिनगर दिल्ली निवासी करन मलिक चला रहे थे। जिसमें अन्य तीन लोग सवार थे, अन्य लोगों को मामूली चोटें आई है। फिलहाल मामले में कोई शिकायत नहीं मिली है, कालाढूंगी पुलिस द्वारा शव के पंचनामा और पोस्टमॉर्टम की कार्रवाई की जा रही है। बता दें कि मृतक अवनीश शाह के पिता उत्तराखंड हाईकोर्ट में अधिवक्ता हैं. जबकि माता नैनीताल के मोहनलाल शाह बालिका विद्या मंदिर में शिक्षिका हैं।

युवक की मौत के बाद से परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

## घर के बाहर खडी स्कूटी चोरी

संवाददाता

देहरादून। चोरों ने घर के बाहर खडी स्कूटी चोरी कर ली। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ओल्ड डालनवाला निवासी भूपेन्द्र कुमार ने डालनवाला कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसने अपनी स्कूटी घर के बाहर खडी की थी लेकिन जब वह थोडी देर बाद वापस आया तो उसने देखा कि उसकी स्कूटी अपने स्थान से गायब थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

आर.एन.आई.- 59626/94
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।
*प्रधान संपादक*
**कांति कुमार**
*संपादक*
**पुष्पा कांति कुमार**
*समाचार संपादक*
**आनंद कांति कुमार**
कानूनी सलाहकार:
वी के अरोड़ा, एडवोकेट
बैजनाथ, एडवोकेट
कार्यालयः दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।
मो. 9358134808
*नोटः सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*